
प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर
गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक
# मोर्निंग सिटी
सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 47, 15 मार्च से 21 मार्च, 2026 | मूल्य- 10 रुपये | पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म
मोर्निंग सिटी





ईरान के खर्ग द्वीप की उपग्रह से ली गई तस्वीर

यहां के टर्मिनलों में हर दिन करीब 70 लाख बैरल कच्चा तेल लोड करने की क्षमता है

# अमेरिका ने खर्ग द्वीप पर ईरान के 90 से अधिक सैन्य ठिकानों पर किया हमला

*समुद्र के नीचे बिछी पाइपलाइनों के जरिए ईरान प्रमुख तेल क्षेत्रों से जुड़ा*

*अब ईरान अमेरिकी तेल और ऊर्जा परियोजनाओं को निशाना बनाएगा*

**सऊदी अरब में एयर बेस पर ईरान का हमला, 5 अमेरिकी विमान क्षतिग्रस्त**

**इराक की राजधानी बगदाद में मौजूद अमेरिकी दूतावास पर बड़ा हमला हुआ है। ईरानी मिसाइल ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया है। इधर, अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को नष्ट कर दिया। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है, तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। इधर, जंग के बीच भारत को बड़ी राहत मिली है। खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर गए।**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/ दुबई

अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग का शनिवार को 15वां दिन है। 28 फरवरी से शुरू हुई जंग अब तक किसी अंजाम तक नहीं पहुंची है। हमले का बदला लेते हुए ईरान ने खाड़ी देशों में कई जगहों पर बमबारी की है। ईरान ने उस होर्मुज स्ट्रेट को भी बंद कर दिया है, जहां से दुनिया का 20% कच्चा तेल गुजरता है। यहां से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान हमला कर रहा है। हालांकि, ईरान ने अपने दोस्त भारत के लिए होर्मुज स्ट्रेट को खोल दिया है। इराक की राजधानी बगदाद में मौजूद अमेरिकी दूतावास पर बड़ा हमला हुआ है। एक मिसाइल ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया है। इधर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया।



सऊदी के प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर ईरान के हमले में क्षतिग्रस्त अमेरिकी लड़ाकू विमान

### ट्रंप बोले-चीन, ब्रिटेन और फ्रांस भेजे पोत

इधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को 'बंद करने' के ईरान के प्रयास से प्रभावित देशों से आग्रह किया कि वे वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण इस संकरे समुद्री मार्ग को सुरक्षित करने के लिए जहाज भेजें। अमेरिका और इजराइल का ईरान के खिलाफ युद्ध तीसरे सप्ताह में प्रवेश कर गया। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, ब्रिटेन और अन्य देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाज भेजने का आग्रह किया तथा कहा कि अमेरिका तटरेखा पर बमबारी जारी रखेगा और ईरानी जहाजों व नौकाओं को निशाना बनाएगा।

**भारत के लिए राहत भरी खबर**



### होर्मुज स्ट्रेट के पार, 92,700 टन एलपीजी ला रहे जहाज

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे भारतीय ध्वज वाले दो जहाज शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित पार कर गए। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने प्रेसवार्ता में बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज 'शिवालिक' और 'नंदा देवी' अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं, और इनके 16-17 मार्च को भारतीय बंदरगाहों पर पहुंचने की संभावना है।

## बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा: पीएम मोदी

**कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार**

कोलकाता

प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।



प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार! सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा- कल टीएम ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी।

## योगी सरकार ने विशेष अभियान चलाकर तीन माह में बनाए करीब 18 लाख नए आयुष्मान कार्ड

**लखनऊ।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का लाभ देने के लिए योगी सरकार प्रदेश भर में विशेष अभियान चला जा रही है। अभियान की शुरूआत बीते साल 25 नवंबर को हुई। यह 25 दिसंबर, 2025 तक चला। इस दौरान 5 लाख 52 हजार से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इस साल 15 जनवरी से दोबारा विशेष अभियान शुरू किया गया, जो वर्तमान में चल रहा है। विशेष अभियान की अवधि में अब तक 17 लाख 94 हजार से अधिक कार्ड बनाए जा चुके हैं।

अभियान के दौरान विशेष रूप से आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कार्यकताओं और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साथ उनके परिवार के कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान के दौरान सबसे अधिक बरेली में कार्ड बनाए गए। इससे बरेली कार्ड बनाने में पूरे प्रदेश में पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर हैं। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने वाला राज्य बन चुका है।

**बरेली, जौनपुर और आगरा में विशेष अभियान के दौरान सबसे अधिक बनाए गए कार्ड**

**आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी सहायिकाओं और उनके परिवार के बनाए गए कार्ड**

योजना के तहत प्रदेश में अब तक लगभग 5.64 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना पांच लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के करीब 25 लाख 70 हजार बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि योगी सरकार वंचित पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ने के लिए प्रदेश भर में विशेष अभियान चला जा रही है। यह अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर, 2025 तक संचालित किया गया। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे इस साल 15 जनवरी से 15 अप्रैल तक विस्तारित किया गया है। अभियान के तहत 12 मार्च तक 17 लाख 94 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। अभियान को स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से संचालित किया जा रहा है। ग्राम स्तर पर स्वयंसेवकों और स्थानीय कार्यकताओं के माध्यम से पात्र परिवारों तक पहुंच बनाकर उनका सत्यापन किया गया और मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाए गए। अभियान के दौरान सबसे अधिक बरेली ने 1,12,855 कार्ड बनाकर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जौनपुर 83,042 कार्ड बनाकर दूसरे, आगरा 76,702 कार्ड बनाकर तीसरे स्थान पर है जबकि प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड बनाकर पांचवे स्थान पर है। साचीज की एसीईओ डॉ. पूजा यादव ने बताया कि विशेष अभियान के दौरान आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आंगनबाड़ी सहायिकाओं तथा उनके परिवारों के आयुष्मान कार्ड बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## जो मुकाबला नहीं कर पाए, अफवाहों के जरिए अराजकता-अव्यवस्था फैला रहे: मुख्यमंत्री

**कैथल/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी है, जिन्होंने जनता का विश्वास खो दिया, वे मुकाबला नहीं कर पाने की स्थिति में अफवाह-अराजकता के जरिए अव्यवस्था फैला रहे हैं। ऐसे में हमें मिलकर कार्य करना है और अव्यवस्था व अराजकता को नहीं फैलने देना है। हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण में मजबूती से कार्य करना है, क्योंकि देश सुरक्षित तो सनातन सुरक्षित और सुनातन सुरक्षित तो देश सुरक्षित होगा। दोनों को अलग करके नहीं रखा जा सकता। मुख्यमंत्री ने दुनिया के वर्तमान हालात का जिक्र करते हुए कहा कि खाड़ी देशों में युद्ध चल रहा है।

इससे दुनिया में आर्थिक अराजकता होगी, लेकिन भारत किसानों के पुरुषार्थ और देश के यशस्वी नेतृत्व के मार्गदर्शन में सीना तानकर विकास की यात्रा को बढ़ा रहा है। 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर नेतृत्व पर विश्वास जता रहे हैं और कह रहे हैं कि देश के नेतृत्व का जो भी आदेश होगा, हम सब उसका पालन करेंगे। दुनिया जब अराजकता-अव्यवस्था से त्रस्त है, तब भारत मजबूती के साथ विकास की नई



ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ शनिवार को बाबा मुकुट नाथ मठ, सौंगल गांव में ब्रह्मलीन श्री महंत पीर गणेश नाथ जी का आठमान भंडारा, देशमेल व शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने यहां पूजन-अर्चन किया और ब्रह्मलीन संतों के प्रति श्रद्धा निवेदित की। सीएम योगी ने सफल आयोजन के लिए सौंगल के पीर शेरनाथ जी महाराज को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में शेरनाथ जी को पीर की पदवी दी गई।

सीएम योगी ने कहा कि हमारा दायित्व है कि जो लोग देशहित में कार्य कर रहे हैं, उन्हें समर्थन-सहयोग करें और जो लोग देशविरोधी-धर्मविरोधी आचरण कर रहे हैं, उन्हें नकारना, दुत्कारना और बाहर का रास्ता दिखाना है। भारत का हर सनातन धर्मावलंबी चाहता था कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, क्योंकि राम सनातन के प्रतीक और भारत के आधार स्तंभ हैं। 500 वर्ष पहले विदेशी आक्रांता ने रामजन्मभूमि पर मंदिर को अपवित्र करते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया था। दिन-वर्ष बीतते गए, हिंदू संघर्ष करता गया, लेकिन कोई बात सुनने वाला नहीं था। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने की पहल को नई ऊंचाइयां प्राप्त हुई। आज अयोध्या में दुनिया का सबसे भव्यतम मंदिर बनकर तैयार हो गया। आजादी के बाद अनेक सरकारें बनीं, लेकिन किसी ने आस्था के बारे में नहीं सोचा, क्योंकि उन्हें वोटबैंक और तुष्टिकरण से फुर्सत नहीं थीं। केंद्र व प्रदेश में एक जैसी सरकार बनी तो राम मंदिर का निर्माण हो गया।

### सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी

सीएम ने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ मंदिर, महाकाल में महालोक, उत्तराखंड में केदारपुरी और बद्रीनाथ पुरी में भव्य धाम का निर्माण, यह तब हुआ जब उसके बारे में सोचने वाली सरकारें हैं। सनातन विरोधी सरकारें आएंगी तो तुष्टिकरण करेंगी। आजादी के बाद कश्मीर व नक्सलवाद की समस्या उन्हीं लोगों ने दी, जिन्होंने तुष्टिकरण के नाम पर देश को बांटा। जब देश में जनचेतना जागरूक हुई तो जिन लोगों ने सनातन व देश के प्रति अन्याय किया था, देशवासियों ने उन्हें अविश्वास का प्रतीक बना दिया और भारतीय जनता पार्टी व मोदी जी के नेतृत्व में विश्वास जताया। जनता जिस रूप में देश को लेकर चलना चाहती थी, मोदी जी के नेतृत्व में वैसा ही काम हो रहा है। विपक्षी दलों को आड़े हाथ लेते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिन लोगों ने विश्वास खो दिया है, वे भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर अविश्वास जता रहे हैं। कभी लोकसभा स्पीकर तो कभी न्यायपालिका या भारत निर्वाचन आयोग पर अविश्वास जताते हैं। वे जीतते हैं तो उनकी उपलब्धि और हार गए तो संवैधानिक संस्थाओं पर अंगुली उठाते हैं। कड़वा-कड़वा थू और मीठा-मीठा गप नहीं चलेगा। जो लोग सनातन विरोधी आचरण करते हुए भारत को कमजोर करने का कार्य कर रहे हैं, जनता उन्हें स्वीकार नहीं करेगी। भारत की आन, बान, शान से खिलवाड़ की इजाजत किसी को नहीं मिलेगी।

# ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए रचा डकैती का नाटक, पकड़े गए 11 भारतीय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा में धोखाधड़ी करने का आरोप लगा है। अमेरिकी सरकारी वकीलों के अनुसार, इन लोगों ने ग्रीन कार्ड हासिल करने के लिए शॉर्टकट के तौर पर सुविधा दुकानों में हथियारों के बल पर डकैती का नाटक रचा था। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपियों ने जानबूझकर दुकानों में फर्जी डकैती की योजना बनाई। इसका मुख्य उद्देश्य यह था कि स्टोर में काम करने वाले क्लर्क आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सके। दरअसल, यह पूरी साजिश यू-वीजा प्राप्त करने के लिए रची गई थी।

### यू-वीजा से खुलता है ग्रीन कार्ड का रास्ता

बता दें कि यू-वीजा उन नागरिकों को दिया जाता है जो किसी अपराध के शिकार हुए हों, या जिन्होंने मानसिक या शारीरिक यातनाएं झेली हो और जो पुलिस की जांच में मददगार साबित हुए हों। यह वीजा प्रवासियों को काम करने की अनुमति देता है और 5 से 10 साल के अंदर ग्रीन कार्ड प्राप्त करने का रास्ता भी खोलता है।

**अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे कुछ क्लर्कों ने भिड़ाई थी तिकड़म**

**अपराध के शिकार हुए लोगों को दिया जाता है अमेरिका में यू-वीजा**

**आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बताना था उद्देश्य**





### मैसाचुसेट्स, केंटकी ओहियो के हैं आरोपी

आरोपियों के नाम, जितेंद्रकुमार पटेल (39), महेशकुमार पटेल (36), संजयकुमार पटेल (45), दीपिकाबेन पटेल (40), रमेशभाई पटेल (52), अमिताबेन पटेल (43), रौनककुमार पटेल (28), संगीताबेन पटेल (36), मिंकेश पटेल (42), सोनल पटेल (42) और मितुल पटेल (40) हैं। ये सभी मैसाचुसेट्स, केंटकी और ओहियो जैसे अमेरिकी राज्यों में अवैध रूप से रह रहे थे। दीपिकाबेन पटेल को मैसाचुसेट्स के वेमाउथ में अवैध रूप से रहने के कारण वापस भारत डिपोर्ट (निर्वासित) कर दिया गया है। जितेंद्रकुमार, महेशकुमार, संजयकुमार, अमिताबेन, संगीताबेन और मितुल को मैसाचुसेट्स में गिरफ्तार किया गया था और शुक्रवार को बोस्टन की संघीय अदालत में पेशी के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। रमेशभाई, रौनककुमार, सोनल और मिंकेश को केंटकी, मिसौरी और ओहियो में गिरफ्तार किया गया है। उन्हें बाद में बोस्टन की संघीय अदालत में पेश किया जाएगा।

### *ऐसे दिया गया वारदात को अंजाम*

*आरोप पत्र के अनुसार, मार्च 2023 में 'रामभाई' नामक मुख्य साजिशकर्ता और उसके साथियों ने मैसाचुसेट्स और अन्य स्थानों पर कम से कम छह सुविधा/शराब की दुकानों और फास्ट फूड रेस्तरां में फर्जी डकैतियों को अंजाम दिया। इस नाटक में, लुटेरा सीसीटीवी कैमरे के सामने बंदूक (या उस जैसा कोई हथियार) दिखाकर कैशियर या मालिक को धमकाता था और गल्ले से पैसे लेकर भाग जाता था। लुटेरे के भागने के पांच मिनट या उससे अधिक समय बाद, 'पीड़ित' क्लर्क या मालिक जानबूझकर पुलिस को फोन करके 'अपराध' की रिपोर्ट दर्ज कराते थे ताकि मामला असली लगे।*


### *योजना में शामिल होने आरोपियों ने दिए पैसे*

*वहीं, जांच में यह भी सामने आया है कि इन कथित पीड़ितों (क्लर्कों) ने इस पूरी योजना में शामिल होने के लिए आयोजक रामभाई को पैसे दिए थे। इसके बदले में, रामभाई ने इस फर्जी डकैती के लिए अपनी दुकानों का इस्तेमाल करने देने के लिए स्टोर मालिकों को पैसे चुकाए थे। रामभाई, डकैती का नाटक करने वाले 'लुटेरे' और उन्हें भगाने वाले ड्राइवर को पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है। वीजा धोखाधड़ी की साजिश के इस आरोप में अधिकतम 5 साल की जेल, 3 साल की निगरानी और 2,50,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2 करोड़ रुपये) के जुर्माने का प्रावधान है।*

## सम्पादकीय

# समान नागरिक संहिता का समय आ गया है : सर्वोच्च न्यायालय

मुस्लिम महिलाओं को उत्तराधिकार में पुरुषों के बराबर अधिकार देने की मांग करने वाली याचिका को लेकर अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने जैसे ही अपनी बात कहनी शुरू की तभी प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि अगर कोर्ट 1937 के शरिया कानून को रद कर देता है तो मुस्लिम महिलाओं के उत्तराधिकार के बारे में कानूनी शून्यता उत्पन्न नहीं हो जाएगी और उस स्थिति में क्या होगा। यह कानून महिलाओं के साथ भेदभाव करता है, इसलिए रद होना चाहिए। उत्तराधिकार धार्मिक प्रथा का हिस्सा नहीं है। इसे रद करने से कानूनी शून्यता नहीं उत्पन्न होगी। इसकी जगह भारतीय उत्तराधिकार कानून लागू हो जाएगा। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि कहीं हम सुधारों के प्रति अति उत्साह में उन्हें वंचित न कर दें। उन्हें अभी जो मिल रहा है, उससे भी कम मिल सकता है। इस बारे में कुछ होमवर्क होना चाहिए कि अगर 1937 के कानून को रद किया जाता है तो क्या होगा। अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि कोर्ट यह कह सकता है कि मुस्लिम महिलाओं को उत्तराधिकार में बराबरी का हक होगा। इस पर कोर्ट ने पर्सनल ला के बारे में नरसू अप्पू माली केस में दिए पूर्व फैसले का हवाला दिया। यह पहला मौका नहीं है जब शीर्ष अदालत ने समान नागरिक संहिता के पक्ष में अपना मत व्यक्त किया है। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट कई बार समान नागरिक संहिता के पक्ष में मत व्यक्त कर चुका है। अभी देश में सिर्फ दो राज्य हैं जहां समान नागरिक संहिता लागू है। एक गोवा और दूसरा उत्तराखंड। गोवा में यह बहुत पहले से लागू है, जबकि उत्तराखंड में हाल में लागू हुई है। पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

करने का मामला केंद्र सरकार ने विचार के लिए विधि आयोग को भेजा था, जो अभी भी आयोग के समक्ष विचाराधीन है। समान नागरिक संहिता की तरफदारी करने वाली उक्त टिप्पणियां प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जोयमाल्या बागची और आर. महादेवन की पीठ ने शरिया एक्ट, 1937 को महिलाओं के प्रति भेदभावपूर्ण बताते हुए उसे रद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान की। गौरतलब है कि समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद 44 में किया गया है, जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांत का अंग है। अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि राज्य भारत के समस्त राज्यक्षेत्र में नागरिकों के लिए एक समान सिविल संहिता प्राप्त कराने का प्रयास करेगा। हालांकि इसका कार्यान्वयन सरकार के विवेक पर छोड़ दिया गया है। समान नागरिक संहिता को लागू करने के लिए हुई बहस के दौरान संविधान निमार्ताओं का मत था कि समान नागरिक संहिता सभी नागरिकों के बीच साझा पहचान और अपनेपन की भावना पैदा करके राष्ट्रीय एकीकरण और धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देगी। इससे विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों के कारण उत्पन्न होने वाले सांप्रदायिक और संप्रदायिक संघर्षों में कमी आएगी। यूसीसी सभी व्यक्तियों के लिये समानता, बंधुत्व और सम्मान के सिद्धांतों को सुदृढ़ करेगी। यूसीसी विवाह, तलाक, उत्तराधिकार, गोद लेने और भरण-पोषण में महिलाओं को समान अधिकार तथा दर्जा प्रदान करके लैंगिक भेदभाव एवं उत्पीड़न को दूर करेगी। यह महिलाओं को पितृसत्तात्मक और प्रतिगामी प्रथाओं को चुनौती देने के लिये सशक्त करेगी, जो उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। समान नागरिक संहिता विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों की जटिलताओं और विरोधाभासों को समाप्त कर- के कानूनी प्रणाली को सुव्यवस्थित और तर्कसंगत बनाएगी। यह विविध व्यक्तिगत कानूनों से उत्पन्न विसंगतियों और खामियों को दूर करके सिविल और आपराधिक कानूनों में सामंजस्य स्थापित करेगी। यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) एक कानूनी ढांचा है जो पूरे देश में एक समान व्यक्तिगत कानून प्रदान करता है।

# इच्छा मृत्यु केवल कानून ही नहीं, मानवीय गरिमा का प्रश्न


इसी जटिल और संवेदनशील प्रश्न के केंद्र में 11 मार्च 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह निर्णय है, जिसमें गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई। लगभग तेरह वर्षों से कोमा में जीवन बिताने वाले इस युवक के मामले में अदालत का यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश भर नहीं है, बल्कि जीवन, मृत्यु और मानवीय गरिमा के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रयास भी है। दरअसल, हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि इच्छामृत्यु का प्रश्न केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि एक गहरी मानवीय कहानी भी है। यह एक ऐसे युवा की कहानी है, जिसका जीवन एक दुर्घटना के बाद अचानक बदल गया और जो तेरह वर्षों तक एक मौन जीवन-मृत्यु संघर्ष में जीता रहा। उस संघर्ष में शब्द नहीं थे, संवाद नहीं था, केवल एक स्थिर और असहाय जैविक अस्तित्व था। ऐसे में परिवार, चिकित्सकों और समाज के सामने यह कठिन दुविधा खड़ी हो जाती है कि जीवन को किस सीमा तक कृत्रिम रूप से बनाए रखा जाए।

ललित गर्ग

भारतीय समाज में यह गहरी धारणा रही है कि परिवार के किसी सदस्य की सेवा तब तक की जाए, जब तक उसके प्राण स्वाभाविक रूप से समाप्त न हो जाएं। जीवन की रक्षा और उसकी देखभाल को एक नैतिक कर्तव्य के रूप में देखा जाता रहा है। यही कारण है कि भारतीय परिवारों में रोगी की सेवा केवल चिकित्सा का विषय नहीं होती, बल्कि भावनात्मक, धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था से भी जुड़ी होती है। कई बार यह भी देखा गया है कि प्रियजन की मृत्यु के बाद भी उसे लंबे समय तक जीवन लौटने की आशा में संभालकर रखा जाता रहा है। लेकिन जब कोई व्यक्ति ऐसी स्थिति में पहुंच जाए, जहां से सामान्य जीवन में लौटने की कोई संभावना न हो और उसका अस्तित्व केवल कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर रह जाए, तब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि क्या केवल जैविक अस्तित्व को बनाए रखना ही जीवन की रक्षा है? या फिर जीवन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए व्यक्ति को पीड़ा से मुक्ति देने का अधिकार भी स्वीकार किया जाना चाहिए?

इसी जटिल और संवेदनशील प्रश्न के केंद्र में 11 मार्च 2026 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया वह निर्णय है, जिसमें गाजियाबाद के 31 वर्षीय हरीश राणा को निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी गई। लगभग तेरह वर्षों से कोमा में जीवन बिताने वाले इस युवक के मामले में अदालत का यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश भर नहीं है, बल्कि जीवन, मृत्यु और मानवीय गरिमा के बीच संतुलन खोजने का एक गंभीर एवं संवेदनशील प्रयास भी है। दरअसल, हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए बाध्य करता है कि इच्छामृत्यु का प्रश्न केवल कानून का विषय नहीं है, बल्कि एक गहरी मानवीय कहानी भी है। यह एक ऐसे युवा की कहानी है, जिसका जीवन एक दुर्घटना के बाद अचानक बदल गया और जो तेरह वर्षों तक एक मौन जीवन-मृत्यु संघर्ष में जीता रहा। उस संघर्ष में शब्द नहीं थे, संवाद नहीं था, केवल एक स्थिर और असहाय जैविक अस्तित्व था। ऐसे में परिवार, चिकित्सकों और समाज के सामने यह कठिन दुविधा खड़ी हो जाती है कि जीवन को किस सीमा तक कृत्रिम रूप से बनाए रखा जाए।

इस निर्णय का सबसे महत्वपूर्ण आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 है, जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार प्रदान करता है।




समय के साथ न्यायपालिका ने इस अनुच्छेद की व्याख्या को व्यापक बनाते हुए यह स्पष्ट किया कि जीवन का अधिकार केवल सांस लेने या जीवित रहने का अधिकार नहीं है, बल्कि गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार भी है। इसी संवैधानिक दृष्टिकोण ने आगे चलकर यह प्रश्न उठाया कि यदि व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार है, तो क्या उसे गरिमापूर्ण मृत्यु का अधिकार भी नहीं होना चाहिए? भारत में इच्छामृत्यु से जुड़ा न्यायिक विमर्श धीरे-धीरे विकसित हुआ है। वर्ष 2011 में अरुणा शानबाग मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पहली बार निष्क्रिय इच्छामृत्यु की अनुमति दी थी। यह मामला एक ऐसी नर्स का था, जो दशकों तक कोमा की स्थिति में रही। उस निर्णय ने इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय बहस को जन्म दिया। इसके बाद वर्ष 2018 में कॉमन कॉज बनाम भारत संघ के ऐतिहासिक फैसले में अदालत ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु को संवैधानिक मान्यता देते हुए लिविंग विल की अवधारणा को स्वीकार किया। इसके अनुसार कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में ही यह लिखित रूप में व्यक्त कर सकता है कि यदि वह असाध्य स्थिति में पहुंच जाए तो उसे कृत्रिम जीवन रक्षक प्रणालियों पर निर्भर न रखा जाए।

हरीश राणा के मामले में चिकित्सा विशेषज्ञों के बोर्ड ने यह स्पष्ट किया कि निरंतर उपचार का कोई चिकित्सीय उद्देश्य शेष नहीं रह गया था। चिकित्सा केवल जैविक अस्तित्व को लंबा खींचने का माध्यम बन गई थी। ऐसे में अदालत की स्वीकृति इस कठिन सत्य को स्वीकार करती है कि जीवन की गरिमा केवल जीने में ही नहीं, बल्कि मृत्यु में भी बनी रहनी चाहिए। फिर भी इच्छामृत्यु का प्रश्न अत्यंत जटिल और विवादास्पद रहा है। दुनिया के अनेक देशों में इस विषय पर गंभीर नैतिक और कानूनी बहस चलती रही है। कई देशों ने इसे सीमित परिस्थितियों में कानूनी मान्यता दी है, जबकि कई अन्य देशों में इसके दुरुपयोग की आशंका के कारण इसे स्वीकार नहीं किया गया है। भारत में भी यह विषय संवेदनशील बना हुआ है, क्योंकि यहां पारिवारिक संबंधों, धार्मिक मान्यताओं और सामाजिक भावनाओं की भूमिका अत्यंत गहरी है।

इसी संदर्भ में जैन धर्म में प्रचलित संथारा या सल्लेखना की परंपरा भी कई बार चर्चा में आती रही है। जैन दर्शन में इसे मृत्यु का महोत्सव कहा गया है। संथारा का अर्थ है- जीवन के अंतिम चरण में धीरे-धीरे आहार और शरीर की आसक्तियों का त्याग करते हुए शांति एवं समाधिपूर्वक मृत्यु को स्वीकार करना। जैन आचार विचार में इसे आत्मसंयम और आध्यात्मिक साधना का सर्वोच्च रूप माना गया है। संथारा और आधुनिक इच्छामृत्यु के बीच अंतर भी है और समानताएं भी। संथारा का आधार आध्यात्मिक साधना और वैराग्य है, जबकि आधुनिक इच्छामृत्यु का आधार चिकित्सा विज्ञान और मानवीय पीड़ा से मुक्ति का विचार है। फिर भी दोनों के केंद्र में एक समान भाव दिखाई देता है-जीवन की अंतिम अवस्था में गरिमा और स्वायत्तता का सम्मान। हालांकि इस परंपरा को लेकर भी न्यायालयों में बहस होती रही है कि क्या इसे धार्मिक स्वतंत्रता माना जाए या आत्महत्या के रूप में देखा जाए। इस बहस ने यह स्पष्ट किया है कि जीवन और मृत्यु से जुड़े प्रश्न केवल कानूनी तर्कों से हल नहीं होते, बल्कि उनमें नैतिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयाम भी शामिल होते हैं। प्रसिद्ध गांधीवादी चिंतक विनोबा भावे ने इस परंपरा की विशेष सराहना की थी। उन्होंने कई अवसरों पर यह इच्छा भी व्यक्त की थी कि यदि संभव हो तो वे भी जीवन के अंतिम क्षणों में इसी प्रकार की शांत, संयमित और जागरूक मृत्यु प्राप्त करना चाहेंगे। इसीलिए हरीश राणा का मामला हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि संविधान की सबसे बड़ी शक्ति उसकी संवेदनशील व्याख्या में निहित है। जब न्यायपालिका जीवन के अधिकार की व्याख्या करते हुए मानवीय गरिमा और करुणा को केंद्र में रखती है, तब वह केवल कानून का पालन नहीं करती, बल्कि समाज को अधिक संवेदनशील और मानवीय दिशा भी प्रदान करती है। यह भी सच है कि भारत में इच्छामृत्यु को लेकर अभी तक कोई समग्र और स्पष्ट कानून नहीं है। न्यायालय के दिशा-निर्देशों के बावजूद परिवारों और चिकित्सकों को कई बार जटिल प्रक्रियाओं और कानूनी आशंकाओं का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि सर्वोच्च न्यायालय ने स्वयं इस विषय पर एक व्यापक कानूनी ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया है। ऐसा कानून बनाते समय दो महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना होगा। पहली, यह कि असाध्य रोगियों को अनावश्यक पीड़ा से मुक्ति मिल सके। दूसरी, यह कि किसी प्रकार के दबाव, स्वार्थ या आर्थिक कारणों से किसी व्यक्ति को इच्छामृत्यु के लिए विवश न किया जा सके। स्पष्ट प्रोटोकॉल, पारदर्शी चिकित्सा मूल्यांकन और रोगी की स्वायत्त इच्छा का सम्मान इस प्रक्रिया के आवश्यक तत्व होने चाहिए।

निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि हरीश राणा के मामले में दिया गया निर्णय केवल एक न्यायिक आदेश नहीं है, बल्कि संवैधानिक करुणा का एक उदाहरण है। इसमें न्याय, संवेदना और मानवीय गरिमा तीनों का संतुलित रूप दिखाई देता है। वास्तव में यह निर्णय हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि जीवन का सम्मान केवल उसे लंबा खींचने में नहीं, बल्कि उसकी गरिमा को बनाए रखने में है। जब उपचार असंभव हो जाए और चिकित्सा केवल पीड़ा को बढ़ाने का माध्यम बन जाए, तब गरिमापूर्ण विदाई भी मानवीयता का ही विस्तार बन जाती है। इस दृष्टि से यह आवश्यक है कि भारत में इच्छामृत्यु के प्रश्न पर व्यापक सामाजिक संवाद हो और एक ऐसा संवेदनशील तथा संतुलित कानूनी ढांचा तैयार किया जाए, जो व्यक्ति को गरिमा के साथ जीने और गरिमा के साथ मरनेकृदोनों का अधिकार सुनिश्चित कर सके।

# उत्तरप्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच उपजे असंतोष को सूझबूझ पूर्वक पाट रहे हैं योगी आदित्यनाथ!

कमलेश पांडे

उत्तर प्रदेश में भाजपा के संगठनात्मक पदों और सरकारी निकायों के पदों पर नियुक्तियों में विलंब मुख्य रूप से जातीय-क्षेत्रीय संतुलन, आंतरिक खींचतान और केंद्रीय नेतृत्व के मंथन के कारण हो रहा है। इससे कार्यकताओं में असंतोष बढ़ा है, हालांकि मार्च 2026 तक बड़े बदलाव की तैयारी चल रही है। आलम यह है कि प्रदेश के सभी 16 नगर निगम में 10-10 मनोनीत होने वाले पार्षदों की नियुक्ति अटकी पड़ी है, जबकि तीन साल बीतने को है। विभिन्न बोर्डों की भी यही स्थिति है। इससे विधानसभा चुनाव 2027 में पार्टी की रणनीति पर भी असर पड़ना लाजिमी है, क्योंकि अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की रस्साकशी में कार्यकताओं में निराशा है।

जहां तक विलंब के प्रमुख कारण की बात है तो जातीय एवं सामाजिक समीकरण इसकी पहली वजह है। भाजपा का ओबीसी करण होने से पार्टी के वफादार कार्यकताओं में रोष गहराता जा रहा है। इसका असर 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों और 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर अवश्य पड़ेगा। लिहाजा पार्टी इससे पहले सभी वर्गों (ओबीसी, दलित, सवर्ण, खासकर ब्राह्मण राजपूत आदि) को प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने में जुटी है, जिसपर प्रदेश अध्यक्ष और सरकार के मुखिया की खींचातानी से चयन अटका हुआ बताया जाता है। वहीं पार्टी की आंतरिक गुटबाजी जैसे सांसदों-विधायकों के बीच खींचतान और केंद्रीय नेतृत्व व आरएसएस के बीच वैचारिक मतभेद (चुनावी साख बनाम संगठन अनुभव) से कई पद लंबित हैं। वहीं, सरकारी पदों पर देरी यानी निगमों, बोर्डों और आयोगों के 100+ रिक्त पदों पर पार्टी-संगठन व सरकार के बीच समन्वय की कमी, साथ ही योगी सरकार की मंजूरी का इंतजार है। अब तक ऐसा नहीं होने से जमीनी कार्यकताओं में असंतोष स्वाभाविक है। खासकर वफादार कार्यकर्ता कार्यगत पुरस्कार न मिलने, लगातार चुनावी मेहनत के बावजूद पद



न पाने से नाराज हैं; जिसके चलते कतिपय जिलों में सामूहिक इस्तीफे तक हुए। योगी-केशव जैसे नेताओं के बीच अनबन की अटकलें भी असंतोष बढ़ा रही हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि पंकज चौधरी दिसंबर 2025 में प्रदेश अध्यक्ष बने, जिससे 70+ जिलाध्यक्ष घोषित हो चुके हैं। जबकि होली के बाद मिशन-2027 के तहत नई टीम, क्षेत्रीय अध्यक्षों में बदलाव की घोषणा संभावित है, जिसके दृष्टिगत पर्यवेक्षक भेजे गए हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश भाजपा कार्यकताओं के असंतोष को कम करने के लिए संगठनात्मक बदलाव, प्रत्यक्ष संवाद, प्रशिक्षण अभियान और पदों पर समायोजन जैसे कदम उठाए जा रहे हैं। ये प्रयास मुख्य रूप से 2027 चुनाव की तैयारी के तहत होली के बाद अब तेज हो रहे हैं। इस निमित्त कई संगठनात्मक कदम उठाए जा चुके हैं और कुछ प्रक्रिया धीन हैं। जहां तक नई टीम के गठन की बात है तो प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में होली बाद बड़े फेरबदल, जिलाध्यक्षों-क्षेत्रीय अध्यक्षों की नियुक्तियां, जातीय संतुलन बनाकर कार्यकताओं को जिम्मेदारी मिलेगी। वहीं, सरकारी पदों पर समायोजन यानी निगमों, बोर्डों, आयोगों के खाली पदों पर कार्यकताओं की सूची तैयार है, और मिशन-2027 के तहत तोहफा के रूप में वितरण कार्य शेष रहने की खबर है। संवाद एवं प्रशिक्षण प्रयास के तहत प्रत्यक्ष मुलाकातें हो रही हैं। 'कार्यकर्ता सर्वप्रथम' मंत्र से वन-टू-वन मैपिंग, वीआईपी संस्कृति खत्म कर रूठे कार्यकताओं से सीधा संवाद; सीएम योगी विधायकों से नियमित बैठकें कर रहे हैं।वहीं डिजिटल एवं वैचारिक प्रशिक्षण के तहत कार्यकताओं को डिजिटल हथियार से लैस करने का अभियान, और बूथ स्तर पर नीतियां-कार्यपद्धति सिखाना जारी है। आरएसएस-बीजेपी में समन्वय की कोशिशें परवान चढ़ी हुई हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से योगी की मुलाकातें, कानपुर समन्वय बैठक में असंतोष मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसके दृष्टिगत आंतरिक कलह सुलझाने की कोशिश जारी है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा कार्यकताओं की नाराजगी संभालने के लिए प्रत्यक्ष बैठकें शुरू कर दी है। आरएसएस-बीजेपी समन्वय मंचों पर खुली चर्चा और जमीनी मुद्दों पर आश्वासन जैसे कदम उठाए हैं। मार्च 2026 तक गोरखपुर व कानपुर जैसी जगहों पर ये प्रयास तेज हुए। प्रत्यक्ष संवाद हो रहे हैं। खुद योगी ने 200+ विधायकों, सांसदों व पूर्व नेताओं से अलग-अलग मुलाकातें कीं, जहां उन्होंने पार्टी की हार के कारणों (कार्यकर्ता-सरकार डिस्कनेक्ट) को सुने और विपक्षी प्रचार पर जवाब देने को कहा। साथ ही जमीनी स्तर पर समस्याओं (जैसे अस्पताल बेड) के समाधान का आह्वान किया। मुख्यमंत्री की आरएसएस से समन्वय बैठकें भी चल रही हैं। गोरखपुर (मार्च 2026) में पदाधिकारियों से मन की बात सुनकर जवाब दिए, और एआई (अक) युग व कैशलेस इलाज जैसे सवाल हल किए। वहीं कानपुर (मार्च 2026) में आरएसएस के साथ बैठक में कार्यकर्ता सम्मान, यूजीसी नियमों से सवर्ण असंतोष, स्थानीय विवादों पर चर्चा हुई; साथ ही अनुशासनहीनता पर कार्रवाई व बेहतरी का आश्वासन दिया। जबकि अन्य प्रयास के तहत बूथ स्तर पर कार्यकताओं को निर्देश दिए कि एसआईआर फॉर्म भरें, मतदाता जागरूकता कैंप लगाएं; और अफसरों से कार्यकर्ता शिकायतें दूर करने को कहा।

## कहानी


# मूर्ख बातूनी कछुआ

किसी तालाब में कम्बुग्रीव नामक एक कछुआ रहता था। तालाब के किनारे रहने वाले संकट और विकट नामक हंस से उसकी गहरी दोस्ती थी। तालाब के किनारे तीनों हर रोज खूब बातें करते और शाम होने पर अपने-अपने घरों को चल देते। एक वर्ष उस प्रदेश में जरा भी बारिश नहीं हुई। धीरे-धीरे वह तालाब भी सूखने लगा। अब हंसों को कछुए की चिंता होने लगी। जब उन्होंने अपनी चिंता कछुए से कही तो कछुए ने उन्हें चिंता न करने को कहा। उसने हंसों को एक युक्ति बताई। उसने उनसे कहा कि सबसे पहले किसी पानी से लबालब तालाब की खोज करें फिर एक लकड़ी के टुकड़े से लटकाकर उसे उस तालाब में ले चलें।

उसकी बात सुनकर हंसों ने कहा कि वह तो ठीक है पर उड़ान के दौरान उसे अपना मुंह बंद रखना होगा। कछुए ने उन्हें भरोसा दिलाया कि वह किसी भी हालत में अपना मुंह नहीं खोलेगा।कछुए ने लकड़ी के टुकड़े को अपने दांत से पकड़ा फिर दोनो हंस उसे लेकर उड़ चले। रास्ते में नगर के लोगों ने जब देखा कि एक कछुआ आकाश में उड़ा जा रहा है तो वे आश्चर्य से चिल्लाने लगे। लोगों को अपनी तरफ चिल्लाते हुए देखकर कछुए से रहा नहीं गया। वह अपना वादा भूल गया। उसने जैसे ही कुछ कहने के लिए अपना मुंह खोला कि आकाश से गिर पड़ा। ऊंचाई बहुत ज्यादा होने के कारण वह चोट झेल नहीं पाया और अपना दम तोड़ दिया।

## लोक कथा

# खिचड़ी की कहानी



किसी गांव में एक बूढ़ी माई रहती थी। बूढ़ी माई माघ का व्रत करती थी, नियम से गंगा स्नान करती थी और व्रत रखकर श्रीकृष्ण का भजन करती थी। उसके व्रत खोलने के समय कृष्ण भगवान आते और उसके पास एक कटोरा खिचड़ी रखकर चले जाते थे। बुढ़िया के पड़ोस में एक औरत रहती थी। वह उससे जला करती थी। वह हर रोज यह देखती कि बूढ़ी के पास दिनभर तो खाने के लिए कुछ होता नहीं फिर ये व्रत करके रोज-रोज खिचड़ी कहां से खाती है। एक बार माघ संक्रांति के दिन बूढ़ी माई गंगा स्नान के लिए गई। उधर, कृष्ण भगवान उसका खिचड़ी का कटोरा लेकर आए और रख गए। पड़ोसन ने बूढ़ी के आंगन में जब खिचड़ी का कटोरा रखा देखा और देखा कि बुढ़िया नही है तब उसने घर के पीछे के दरवाजे की सड़क किनारे खिचड़ी फेंक दी और कटोरा भी वहीं डाल दिया। स्नान के बाद बूढ़ी मां घर आई तो उसे खिचड़ी का कटोरा नहीं मिला और वह भूखी ही रह गई। बार-बार एक ही बात कहती कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा खिचड़ी का कटोरा। दूसरी ओर पड़ोसन ने जहां खिचड़ी गिराई थी वहां एक पौधा उगा जिसमें दो फूल खिले। उस राज्य का राजा बड़ा दयालु था। उसके पास धन-वैभव सब कुछ था लेकिन एक भी संतान नहीं थी। जिससे राज्य में उत्तराधिकार की भी समस्या थी और राजा भी परेशान रहता था। एक बार राजा उस ओर से निकला तो उसकी नजर उन दोनो फूलों पर पड़ी और वह उन्हें तोड़कर घर ले आया। घर आने पर उसने वह फूल रानी को दिए जिन्हें सूंघने पर रानी गर्भवती हो गई। कुछ समय बाद रानी ने दो पुत्रों को जन्म दिया। वह दोनों जब बड़े हो गए तब वह किसी से भी बोलते नही थे, लेकिन जब वह दोनो शिकार पर जाते तब रास्ते में उन्हें वही बूढ़ी माई मिलती जो अभी भी यही कहती कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा कटोरा ? बुढ़िया की बात सुनकर वह दोनों कहते कि हम हैं तेरी खिचड़ी और हम हैं तेरा कटोरा। हर बार जब भी वह शिकार पर जाते तो बुढ़िया यही बात कहती और वह दोनो वही उत्तर देते। एक बार राजा के कानों में यह बात पड़ गई। उसे आश्चर्य हुआ कि दोनो लड़के किसी से नहीं बोलते तब यह इस बूढ़ी से कैसे बात करते हैं। राजा ने उस वृद्ध महिला को राजमहल बुलवाया और कहा कि हम से तो किसी से ये दोनों बोलते नहीं है, तुमसे यह कैसे बोलते हैं ? बुढ़िया ने कहा कि महाराज मुझे नहीं पता कि ये कैसे मुझसे बोल लेते हैं। मैं तो माघ का व्रत करती थी और कृष्ण भगवान मुझे खिचड़ी का कटोरा भरकर दे जाते थे। एक दिन मैं स्नान कर के वापिस आई तो मुझे वह खिचड़ी नहीं मिली। जब मैं कहने लगी कि कहां गई मेरी खिचड़ी और कहां गया मेरा कटोरा ? तब इन दोनों लड़कों ने कहा कि तुम्हारी पड़ोसन ने तुम्हारी खिचड़ी फेंक दी थी तो उसके दो फूल बन गए थे। वह फूल राजा तोड़कर ले गया और रानी ने सूंघा तो हम दो लड़को का जन्म हुआ। हमें भगवान ने ही तुम्हारे लिए भेजा है। सारी बात सुनकर राजा ने बूढ़ी मां को महल में ही रहने दे दिया। इस तरह बूढ़ी माई के दिन फिर गए और राजा को भी अपने लिए खिचड़ी के प्रसाद से दो पुत्र रत्न मिल गए। राजा ने बड़े पैमाने पर खिचड़ी बनवाकर बूढ़ी माई के साथ मिलकर कृष्ण जी का भोग लगवाया और लोगों को भी प्रसाद बांटा। इस तरह संक्रांति के दिन खिचड़ी खाने और बांटने की परंपरा चल पड़ी।

# ऐसा और वैसा होना चाहिए

(व्यंग्य)

संतोष उत्सुक

एक बार किसी भी तरह की मेहनत कर प्रसिद्ध हो जाओ और दौलत भी कमा लो तो, समाज तो क्या असमाज में भी पूछ होने लगती है। कई तरह के पत्रकार, वीडियो पकाने और बनाने वाले आपके घने मित्र बने रहते हैं। प्रसिद्धि और दौलत के नए मालिकों बारे दूसरों को बताकर खुद भी कुछ न कुछ कमाने का जुगाड़ करते रहते हैं।

प्रसिद्ध होना सबके लिए आसान नहीं है लेकिन आजकल अनगिनत लोग इसी कोशिश में लगे रहते हैं कि कुछ न कुछ ऐसा कर सकें या उनकी जिंदगी में कुछ इतना बढ़िया हो जाए कि मशहूर हो जाएं। चाहे समाज में व्यावहारिक स्तर पर न सही लेकिन सोशल मीडिया पर ही ज्यादा से ज्यादा लाइक्स मिल जाएं और प्रसिद्ध हो जाएं। प्रसिद्धि के बहाने कम या ज्यादा पैसा भी कमा लिया जाए तो सोने पर सुहागा लेकिन इस चक्कर में कई बार, ऐसा ही नहीं वैसा भी कर बैठते हैं। एक बार किसी भी तरह की मेहनत कर प्रसिद्ध हो जाओ और दौलत भी कमा लो तो, समाज तो क्या असमाज में भी पूछ होने लगती है। कई तरह के पत्रकार, वीडियो पकाने और बनाने वाले आपके घने मित्र बने रहते हैं। प्रसिद्धि और दौलत के नए मालिकों बारे दूसरों को बताकर खुद भी कुछ न कुछ कमाने का जुगाड़ करते रहते हैं। एक बार मिली जिंदगी में, पैसे के रास्ते पर चलकर आराम और सुविधाएं आ जाएं तो पहनावे और बालों का रंग तो करवट बदलता ही है बात करने के विषय भी बदल जाते हैं। जबान का लहजा बदल जाता है। नई शैली में असंभव बातें करना भी संभव हो जाता है। चारों तरफ, आठों पहर उपदेशों के फूल खिले रहते हैं।

प्रसिद्ध चेहरे क्या क्या कहते और कह सकते हैं यह देखने, सुनने और और पढ़ने से पता चलता है। जिस व्यक्ति ने कभी एक पौधा न लगाया वे कहते हैं, हमेशा पर्यावरण का सम्मान करें। हमारे सभ्य और विकासशील समाज के जेन जी को गलत आदतों और भेदभाव से दूर रहना चाहिए क्यूंकि देश का भविष्य जीडीपी की ग्रोथ और समृद्धि उन पर टिकी है। डरपोक और सुस्त लेकिन अब प्रसिद्ध हुआ चेहरा जिसने कभी फुटबाल में एक किक नहीं लगाई, फरमाएगा कि हमें खेलों में और बेहतर करना चाहिए। खेल का स्तर उठाना चाहिए। वे सुझाव देंगे कि हमें सुरक्षा क्षेत्र में अविजित बनने के अतिरिक्त, सॉफ्ट सुपर पॉवर भी बनना चाहिए। लगे हाथ वे सामाजिक और नैतिक



उपदेश भी उपहार में देंगे। किसी समय मारधाड़ विशेषज्ञ, मोहल्ले के दादा, अब राजनीति में धाक जमाती प्रसिद्ध जबान बोलेगी, आशा है हम नदियों की उपयोगिता समझेंगे। हमारे देश की सभी नदियां और हवाएं शुद्ध रहनी चाहिएं। इसके लिए हमें हाथ मिलाकर काम करना चाहिए। देश और दुनिया में शांति, सहिष्णुता और इंसानियत को प्राथमिकता मिले इसलिए हम सब बेहतर इंसान बनने की कोशिश करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। शारीरिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी नाम कमा सकता है। ऐसे ही प्रसिद्ध हुए कमजोर से व्यक्ति ने कहा, सेहत ही असली दौलत है। हम सभी को तनाव से दूर रहना चाहिए फिट रहने के लिए जिम में घंटो पसीना बहाना जरूरी नहीं, माइंड सेट ताकतवर होना चाहिए। प्रसिद्ध वनकाटू जो भविष्य में सफल राजनीतिज्ञ हो गए, ने सख्ती से कहा, पर्यावरण के लिए सचमुच गंभीर होने की जरूरत है। इसे संभालने कोई और नहीं आएगा। स्वच्छ हवा पानी की सभी को जरूरत है। खुद पर भरोसा करना जरूरी है ताकि प्रदूषण न झेलना पड़े। अपनी बात में उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि हमारे विकसित समाज में महिला अपराधों को लेकर जीरो टॉलरेंस होना चाहिए। सभी ने समझाया कि ऐसा या वैसा होना चाहिए।

## मैनपुरी में 6.57 करोड़ की पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

# संस्कृति से मजबूत होगा विकासः मंत्री जयवीर सिंह

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को मैनपुरी में 6 करोड़ 57 लाख रुपये की विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनपद में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों का विकास कर पर्यटन को बढ़ावा देना है।

इनमें 279.52 लाख रुपये की लागत से नराईच धाम के पर्यटन विकास कार्य, 202.62 लाख रुपये से कुसमरा रामलीला मैदान की बाउंड्रीवाल व गेट निर्माण, और 52.62 लाख रुपये से तहसील किशनी क्षेत्र में सारस पक्षियों के विचरण स्थल पर साइनज स्थापना व पर्यटन विकास कार्य शामिल हैं, जिनका लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, 122.34 लाख रुपये की लागत से प्राचीन भगवान श्री नरसिंह धाम मंछना के पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास भी हुआ। इस अवसर पर मंत्री



जयवीर सिंह ने कहा कि धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों के विकास से न केवल आस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि पर्यटन बढ़ने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नया सहारा मिलेगा। उन्होंने जोर दिया कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का सीधा लाभ आम जनता तक पहुंचाना और क्षेत्रीय ढांचे को मजबूत करना है।

मंत्री ने यह भी कहा कि भारत की प्राचीन परंपराएं और ज्ञान सदियों से विश्व का मार्गदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति को भारत की पहचान बताया, जो कई चुनौतियों के बावजूद आज भी कायम है।

जयवीर सिंह ने दोहराया कि प्रदेश सरकार सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक स्थलों और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए लगातार प्रयासरत है। पर्यटन के विकास से आस्था स्थलों का महत्व बढ़ेगा और स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियां भी तेज होंगी। मंत्री ने कहा कि किसी भी समाज और प्रदेश का विकास व्यक्ति से शुरू होता है। जब व्यक्ति शिक्षित और सक्षम होगा तो परिवार, समाज और अंततः देश भी मजबूत होगा।

### मंत्री जयवीर सिंह ने पड़ोसी देशों का हाल गिनायाःगैस-पेट्रोल संकट पर बोले- देश को गुमराह कर रहे विपक्षी

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की किल्लत की अफवाहों को खारिज किया है। मैनपुरी दौरे के दौरान उन्होंने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऊर्जा को लेकर कोई संकट नहीं है। मंत्री जयवीर सिंह ने स्वीकार किया कि वैश्विक स्तर पर हालात चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत में पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति संतुलित बनी हुई है। उन्होंने आम जनता से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। मंत्री के अनुसार, सरकार अपने रणनीतिक भंडार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने पड़ोसी देशों का उदाहरण देते हुए बताया कि पाकिस्तान सहित कई देशों में ऊर्जा संकट की स्थिति बनी हुई है, जबकि भारत में ऐसी कोई समस्या नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने आपूर्ति बनाए रखने के साथ-साथ पेट्रोल, डीजल और गैस की कीमतों में वृद्धि भी नहीं की है। मंत्री ने भारत की मजबूत कूटनीति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने दावा किया कि जिन समुद्री मार्गों से इस समय कई देशों के जहाज नहीं गुजर पा रहे हैं, वहां से भारत के जहाजों को गुजरने की अनुमति मिल रही है। उनके मुताबिक, ईरान ने भारत को मित्र बताते हुए सहयोग का भरोसा दिया है, जिसे देश की कूटनीतिक साख का एक बड़ा उदाहरण बताया गया। इस बीच, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कोरोना काल में ऑक्सीजन सिलेंडर और अब गैस सिलेंडर खत्म होने की बात कही थी। अखिलेश यादव के बयान पर पलटवार करते हुए मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देश और दुनिया मौजूदा वैश्विक हालात को समझ रही है, लेकिन कुछ विपक्षी नेता जानबूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।

# 10 रुपए के जूस के लिए चले लाठी डंडे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** मैनपुरी के कुरावली कस्बे में शनिवार देर रात बस स्टैंड पर जूस के पैसों को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे और डंडे चले, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

यह घटना कुरावली थाने से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित बस स्टैंड पर हुई। सोहेल पुत्र इदरीश की गन्ने के जूस की दुकान है। शनिवार रात प्रदीप पुत्र डालचंद गिहार जूस पीने दुकान पर पहुंचा। बताया जा रहा है कि जूस के 10 रुपए के भुगतान को लेकर दोनों के बीच विवाद शुरू हुआ, क्योंकि दुकानदार ने 20 रुपए की मांग की थी। मामूली कहासुनी जल्द ही बड़े झगड़े में बदल गई, और दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए। बस स्टैंड पर करीब 20 मिनट तक हंगामा चलता रहा। इस दौरान लाठी-डंडों और दुकान के सामान का भी इस्तेमाल किया गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है,



जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मारपीट में सोहेल पक्ष की ओर से बीच-बचाव करने आए खुशनसीब पुत्र अफसर और उनके साथ आए दो अन्य लोग घायल हो गए।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए कुरावली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को हिरासत में लिया है और पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर भी घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## दिव्यांग युवक को गोली लगी, गंभीर घायलःमैनपुरी के जासमई में घटना, पुलिस जांच में जुटी



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर(मैनपुरी), मैनपुरी।** मैनपुरी के बेवर थाना क्षेत्र के जासमई गांव में शुक्रवार देर रात एक दिव्यांग युवक को संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लग गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल बेवर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने इस घटना को संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, जासमई निवासी 38 वर्षीय पवन सिंह, जो दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे अपने घर में थे। इसी दौरान उन्हें गोली लगी, जो उनके बाएं हाथ की कोहनी के ऊपर जा धंसी। गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने पवन को लहूलुहान हालत में पाया। घटना की सूचना मिलते ही बेवर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पवन सिंह को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालांकि, घायल युवक अभी यह स्पष्ट नहीं कर पा रहा है कि उसे गोली किसने और क्यों मारी। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित के परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस टीम ने मौके का मुआयना किया है। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घायल युवक फिलहाल कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है। पुलिस सभी पहलुओं की बारीकी से जांच कर रही है और जल्द ही स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद है।

# खटीक समाज ने मंत्री जयवीर सिंह को सौंपा ज्ञापन

## दिल्ली में तरुण हत्याकांड के आरोपियों पर यूपी के तर्ज पर कार्रवाई की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** दिल्ली के उत्तम नगर स्थित जे.जे. कॉलोनी में तरुण खटीक की हत्या के मामले में खटीक महासभा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। महासभा ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को सौंपा, जिसमें दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

खटीक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजेश खटीक ने बताया कि मामाराज खटीक के पुत्र तरुण खटीक की निर्मम हत्या से पूरे समाज में गहरा आक्रोश है। उन्होंने इस घटना को पूरे समाज के लिए बेहद पीड़ादायक और निंदनीय बताया। महासभा ने इस जघन्य हत्या की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से मांग की है कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द से जल्द



गिरफ्तार किया जाए और उन्हें कठोरतम सजा दी जाए। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भविष्य में ऐसी घृणित घटना को अंजाम देने का कोई साहस न कर सके। प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजेश खटीक ने यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा अब तक की गई कार्रवाई अपर्याप्त प्रतीत होती है। उन्होंने मांग की कि जिस प्रकार उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाती है, उसी तर्ज पर इस मामले में भी कठोर कदम उठाए जाएं और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।

महासभा ने समाज के सभी वर्गों से इस मामले में एकजुट होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक समाज का संघर्ष जारी रहेगा और पीड़ित परिवार के साथ खड़ा रहेगा।

## मैनपुरी में ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्करःतीन पहिए युवक के ऊपर चढ़े, मौके पर तोड़ा दम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक रमाकांत की मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक को टक्कर मारी, जिससे वह सड़क पर गिर गया और ट्रैक्टर के पहियों के नीचे आ गया। यह घटना शुक्रवार रात लालपुर के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि



ट्रैक्टर के एक तरफ के तीनों पहिए युवक के ऊपर से गुजर गए। रमाकांत की मौके पर ही मृत्यु हो गई। रमाकांत पुत्र गिरीश बाबू कोतवाली क्षेत्र के दीवानी रोड पुसैना का निवासी था। वह एक दिन पहले भांवत क्षेत्र में अपनी साडू के घर गया था। बताया जा रहा है कि वह पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहा था और इसी सिलसिले में रिश्तेदारी में गया था। शुक्रवार रात वह बाइक से घर लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के बाद भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पुलिस ने कुछ दूरी पर पकड़ लिया और ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रमाकांत की शादी करीब दो साल पहले हुई थी और उसकी ढाई माह की एक बेटी है। इस हादसे से परिवार में शोक छा गया है। उसकी पत्नी कोमल का रो-रोकर बुरा हाल है। रमाकांत खेती-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

## करहल में विद्यालय प्रबंध समिति की संगोष्ठीःअध्यक्ष-सचिव के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**करहल (मैनपुरी)।** करहल के ब्लॉक सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों और सचिवों के लिए एक ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी तथा उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी करहल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंध समिति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समिति को महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हैं। इसलिए इसका गठन सक्रिय अभिभावकों के माध्यम से किया जाना चाहिए।



खंड शिक्षा अधिकारी ने यह भी बताया कि विद्यालय विकास योजना में एसएमसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, जिससे विद्यालयों को सामुदायिक सहयोग प्राप्त होता है। समिति नामांकन, छात्रों के ठहराव और उचित विद्यालय संचालन में भी अहम भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का संचालन सतेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने किया। संदर्भदाताओं में ब्रह्मानंद, मनोज कुमार, योगेश कुमार और समीक्षा जैन शामिल थे, जिन्होंने अपने सत्रों का प्रस्तुतीकरण किया। इस कार्यशाला में एआरपी चंद्रवीर, श्रीकांत, शैलेंद्र कुमार के साथ-साथ सचिवों के रूप में श्री चंद्र, ओसपाल, राजेश कुमार, सुशील पाण्डेय, शकुंतला यादव, शशिकांत दीक्षित, मनोज कुमारी, शीलेंद्र कुमार और प्रदीप कुमार सहित कई अन्य ने भाग लिया।

## बेवर के कुचलिया मोहल्ले में सामूहिक सुंदरकांड पाठःभक्तिमय माहौल में झूमे श्रद्धालु, प्रसाद वितरण भी हुआ

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**बेवर(मैनपुरी)।** मैनपुरी में बेवर के कुचलिया मोहल्ले में शनिवार को सामूहिक सुंदरकांड पाठ और प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ आयोजक लवकुश दीक्षित (जुगल किशोर दीक्षित के पुत्र) ने पूजन-अर्चन के साथ किया। इसके बाद पंडित डॉ. अरुणेश पाठक के सानिध्य में सुंदरकांड का सस्वर पाठ शुरू हुआ। पाठ के दौरान पूरा वातावरण 'जय श्री राम' के जयघोष से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में लीन रहे। चौपाइयों के गायन और संगीत ने सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम का समापन भगवान की आरती के साथ हुआ, जिसके बाद सभी उपस्थित भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



आयोजक परिवार ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन क्षेत्र की सुख-शांति और जन कल्याण की भावना के साथ किया गया था। इस अवसर पर मोहल्ले के गणमान्य नागरिकों सहित वीनू तिवारी, गुलशन दीक्षित, अभिषेक दीक्षित, सत्यम अग्निहोत्री, प्रवाल शुक्ला और भोले मिश्रा जैसे कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आप ने महंगाई, गैस मूल्य वृद्धि पर किया प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने मैनपुरी में बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी ने इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी महोदय को सौंपा, जिसमें मूल्य वृद्धि तत्काल वापस लेने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है, जिसे आप केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम मानती है। हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में ?60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर में ?120 की वृद्धि की गई है, जिससे गरीब, मध्यम वर्ग और छोटे व्यापारी प्रभावित हुए हैं।

पार्टी ने बताया कि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। यह मूल्य वृद्धि उनके व्यवसाय पर सीधा बोझ डाल रही है। आप का आरोप है कि भारत में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के रास्ते आता है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान-इजरायल-अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है। पार्टी ने यह भी आरोप लगाया कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक नुकसान हो रहा है। आप ने अंतरराष्ट्रीय



घटनाक्रमों, ईरान पर हमलों और निर्दोष स्कूली बच्चों की मौत जैसे मामलों पर केंद्र सरकार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए।

ज्ञापन में मांग की गई है कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। इसके अतिरिक्त, पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति लागू करने, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी प्रदान करने और महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार द्वारा स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष मैनपुरी सन्तोष श्रीवास्तव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत, नगर अध्यक्ष भोगांव सतीश चन्द्र और हाशिम अली शामिल थे।

# मैनपुरी पुलिस भर्ती परीक्षा में 25-30% अभ्यर्थी अनुपस्थित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** मैनपुरी में पुलिस भर्ती परीक्षा का पहला दिन शनिवार को संपन्न हुआ। जिले के 11 केंद्रों पर आयोजित इस परीक्षा में लगभग 25 से 30 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उद्य और रढ की निगरानी में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच दोनों पालियों की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की गई।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा कराई जा रही है। इसका उद्देश्य नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से भर्ती प्रक्रिया को पूरा करना है। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने स्वयं परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण



के दौरान, अधिकारियों ने कक्ष निरीक्षकों, केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। जनरेटर और सीसीटीवी कैमरे लगातार चालू रखने, प्रत्येक कक्ष की गतिविधियों की रिकॉर्डिंग सुनिश्चित करने तथा सीसीटीवी मॉनिटरिंग कर्मचारियों को सतर्क रहने के आदेश दिए गए। प्रथम पाली में जिले के 11 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2880 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे और प्रत्येक अभ्यर्थी को निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार सघन जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। इस पाली में लगभग 25 से 30 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए



गए। कुं. आर.सी. महाविद्यालय में 240 में से 167 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 73 अनुपस्थित रहे। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 168 परीक्षार्थी उपस्थित और 72 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार, राजकीय इंटर कॉलेज में 170 अभ्यर्थी शामिल हुए जबकि 70 अनुपस्थित रहे और श्री चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में 166 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 74 अनुपस्थित पाए गए। दूसरी पाली में भी जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सनातन धर्म इंटर कॉलेज, दयानंद इंटर कॉलेज और श्री चित्रगुप्त महाविद्यालय सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार पर अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गई। किसी भी परीक्षार्थी या कर्मचारी को मोबाइल फोन या इलेक्ट्रॉनिक घड़ी अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी।

# लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** मैनपुरी में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर शनिवार को लोहिया वाहिनी समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष रावल सिंह यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उसे सभी मोर्चों पर विफल बताया। बैठक में संगठन विस्तार, पिछली बैठक की समीक्षा और वोट बढ़ाने पर चर्चा हुई।

रावल सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है। किसानों को आलू के कम दाम मिल रहे हैं, जबकि बालू महंगा हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि रसोई गैस सिलेंडर 2000 रुपये में भी उपलब्ध नहीं है। यादव ने कहा कि मोदी और योगी सरकार ने जनता को दर्जनों बार कतारों में खड़ा करने का काम किया है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के रोजगार के लिए भटकने का मुद्दा भी उठाया, साथ ही महंगाई



को चरम पर बताया। पूर्व मंत्री आलोक कुमार शाक्य ने कहा कि प्रदेश का नौजवान अब मन बना चुका है कि वर्तमान भाजपा सरकार को हटाना है। उन्होंने ऐसी सरकार लाने की बात कही, जिसने युवाओं को शिक्षा और रोजगार दिया हो, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान की हो और किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलाया हो। शाक्य के अनुसार, ऐसी सरकार केवल समाजवादी सरकार ही हो सकती है। इस अवसर पर जिला महासचिव रामनरायन बाथम, पूर्व जिलाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, जीतपाल, गंगाराम जाटव, ऋषी यादव, रमेश यादव, नीरज कुमार, गौरव कुमार गौरव, अजय यादव, मनीष यादव, उपेन्द्र यादव, ओमराज यादव, बबलू, सन्टी, दीपू, अजय शाक्य, ओमवीर सिंह, भालेन्द्र सिंह लोहिया, शिवम माथुर, अंकित, ईदुल खान, कृष्ण मुरारी, अंकित कुमार, राजकमल मिश्रा, अर्जुन सिंह राजपूत, प्रवेश, अंकित, रोहित, जीतू प्रजापति और एडवोकेट बाबा जी समाजवादी कुलकुला सुधीर सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्युत ट्रांसफार्मर का लोड़ बढाए जाने को एसडीएम से मिले लोग

## ट्रांसफार्मर की क्षमता कम होने के कारण बार-बार फुंक जाता



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगांव/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला गढडा मे रखे विधुत ट्रांन्सफार्मर की क्षमता कम होने के कारण आये दिन ट्रान्सफार्मर फुंक जाता है जिससे मोहल्ले के लोग परेशान है जिसको लेकर मुहल्ले के लोगो ने उपजिलाधिकारी से शिकायत कर अधिक क्षमता बाले ट्रांन्सफार्मर को रखवाये जाने की मांग की है।

नगर के मुहल्ला गढडा के रसीद खान, मुहम्मद माजिद, विजय, सतेन्द्र सिंह, इशरार खान, अनुज कुमार, राजकुमार, अरून कुमार, उमेश चन्द्र, आरिफ खान, विवेक, विशाल, आलोक कुमार सहित दर्जनो लोगो ने तहसील पहुचकर उपजिलाधिकारी संध्या शर्मा को दिये शिकायती पत्र मे कहा है कि मुहल्ले मे रखा विधुत ट्रान्सफार्मर 25 एचपी का है जो कि अधिक लोड होने के कारण आये दिन खराब हो जाता है जिससे विधुत आपूर्ति बाधित होती है तथा लोगो को अंधेरे मे रहने को मजबूर होना पडता है तथा किसानो की फसले भी सूख जाती है जिसकी शिकायत मुहल्ले के लोगो ने कई बार अवर अभियंता से लेकर विधुत उपखण्ड अधिकारी से तक की लेकिन कोई कारवाही नही हुई।

# निर्दोषों को पुलिस हिरासत में लेने पर भड़के ग्रामीण

## धरने की चेतावनी के बाद कुरावली पुलिस ने छोड़ा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवा में कार बिजली के पोल से टकराने की घटना के बाद पुलिस द्वारा कई ग्रामीणों को हिरासत में लेने पर गांव में तनाव की स्थिति बन गई। निर्दोष लोगों को हिरासत में लेने से नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला और उन्होंने पुलिस के खिलाफ धरना देने की चेतावनी दे दी।

बताया गया कि बीते दिन शुक्रवार को गांव महादेवा के पास एक कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई थी। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच के दौरान गांव के कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस बिना किसी कारण के ही निर्दोष लोगों को उठाकर थाने ले आई, जिससे गांव में आक्रोश फैल गया। जैसे ही ग्रामीणों को इस बात की जानकारी मिली, बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पुलिस की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताने लगे। ग्रामीणों का कहना था कि जिन लोगों को पुलिस हिरासत में लेकर गई है, उनका घटना से कोई लेना-देना नहीं है। यदि उन्हें तुरंत रिहा नहीं किया गया तो ग्रामीण थाने के बाहर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

**चेतावनी मिलते ही बैकफुट पर आई पुलिस**

धरने की चेतावनी की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले को बढ़ता देख पुलिस ने स्थिति को शांत करने के लिए हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और माहौल सामान्य हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि भविष्य में किसी भी मामले में बिना जांच के निर्दोष लोगों को परेशान न किया जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि कार हादसे के मामले में पूछताछ के लिए कुछ लोगों को थाने लाया गया था, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य बनी हुई है।

# नोएडा स्टेडियम में माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन, विभिन्न खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**गौतमबुद्धनगर।** नोएडा विधानसभा क्षेत्र के नोएडा स्टेडियम में खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए माननीय विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद के माननीय सांसद डॉ महेश शर्मा एवं माननीय विधायक नोएडा पंकज सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, कार्यक्रम संयोजक संजय बाली, खेल विभाग के प्रभारी/जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रवेज अली तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह सहित अन्य स्टाफ एवं कोच उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कुल 08 खेल विधाओं यथा एथलेटिक्स, कुश्ती, कबड्डी, वॉलीबॉल, जूडो, भारत्तोलन, बैडमिंटन एवं फुटबॉल का आयोजन किया गया। सब जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में कबड्डी बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज सेक्टर 12 की टीम विजेता रही। जूडो प्रतियोगिता में 28 किग्रा वर्ग में प्रशस्ति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 32 किग्रा वर्ग में काम्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 40 किग्रा वर्ग में मानसी यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालक वर्ग में युग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में देवासी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती प्रतियोगिता में 45 किग्रा वर्ग में कृष्णा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 51 किग्रा वर्ग में कृष्ण शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

एथलेटिक्स में बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में लक्की ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ में आन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने 08 खेल विधाओं में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि 08 मार्च 2026 को माननीय सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन भी 08 खेल विधाओं में नोएडा स्टेडियम, गौतमबुद्धनगर में किया जाएगा, जिसमें पांच विधानसभा क्षेत्रों यथा जेवर, खुर्जा, सिकंदराबाद, नोएडा एवं दादरी के विजेता खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे।

# जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित, 127 शिकायतें दर्ज, 12 का मौके पर निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता





**गौतमबुद्धनगर।** जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में आज संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 127 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 12 शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

तहसील जेवर में मुख्य विकास अधिकारी डॉ शिवाकांत द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 35 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने जनसामान्य की शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का स्थलीय सत्यापन कर समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर दुर्गेश सिंह, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में तहसील दादरी में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 86 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से 07 शिकायत का निस्तारण मौके पर किया गया। वहीं तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर जरूरत के अनुसार दवाओं की उपलब्धता होगी सुनिश्चित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन ने आमजन को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की दिशा में सक्रिय पहल की है। उन्होंने औषधि निरीक्षक दीपक लोधी को जिले में संचालित सभी प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों पर जरूरत के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

ड्रग इंस्पेक्टर दीपक लोधी ने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर औषधियों की नियमित आपूर्ति बनाए रखने, दवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी रखने और ओवररेटिंग पर अंकुश लगाने के लिए समय-समय पर निरीक्षण भी किए जा रहे हैं, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

उन्होंने बताया कि जन औषधि केंद्रों पर लगभग 2425 प्रकार की औषधियां उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें 2110 प्रकार की दवाएं और 315 प्रकार के सर्जिकल उपकरण शामिल हैं। सामान्यतः लगभग 400 प्रकार की दवाओं की अधिक मांग रहती है, जिनमें से लगभग 300 से 325 दवाएं चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नियमित रूप से उपयोग में आती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि केंद्र संचालकों द्वारा जिन दवाओं की मांग भेजी जाती है, उनकी आपूर्ति समय से उपलब्ध कराने के लिए संबंधित स्तर पर समन्वय किया जा रहा है, जिससे जरूरत के अनुरूप दवाओं की उपलब्धता बनी रहे।

जिलाधिकारी संजीव रंजन का कहना है कि प्रधानमंत्री जन औषधि योजना का उद्देश्य आमजन को किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं उपलब्ध कराना है।

इसी लक्ष्य के तहत दवा आपूर्ति व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि मरीजों को योजना का पूरा लाभ मिल सके और उन्हें महंगी दवाओं के बोझ से राहत मिले।

# एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं हुई एफआईआर, सरकारी जमीन पर कब्जा और खनन का आरोप

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जनपद जवां ब्लॉक स्थित ग्राम पंचायत जंगलगढ़ी से बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है जहां वर्तमान प्रधान के द्वारा ग्राम समाज की करीब बीस बीघा पर दबंगई से कब्जा कर लिया गया है और उस कब्जा की गई जमीन पर फसलें उगाई जा रहीं हैं और तो और उसी सरकारी भूमि से लाखों रुपए की मिट्टी का खनन करके अपनी जेब भारी कर ली गई। इस मामले की शिकायत जब शिकायतकर्ता के द्वारा संबंधित अधिकारियों से की गई तो मौके पर पहुंचकर मुआयना कर आरोपी प्रधान के विरुद्ध एफआईआर कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी अभी तक प्रधान के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई और सब कुछ पहले की तरह ही चल रहा है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा भूमाफियाओं और अवैध कब्जे करने वालों के विरुद्ध बुलडोजर और ताबड़तोड़ कार्यवाही के आदेश लगातार जारी है बावजूद इसके इतने गंभीर मामले में संबंधितों की तरफ से नाम मात्र की कार्रवाई न होता बड़े स्तर की मिलीभगत को दशार्ता है।वही दूसरी और शिकायतकर्ता और ग्रामवासियों के द्वारा प्रधान पर लगाए गए आरोप काफी गंभीर हैं और उच्च अधिकारियों के द्वारा कार्यवाही की संस्तुति होने के बाद भी आरोपी पर एफआईआर की कार्यवाही नहीं हुई है। इस बारे में जब संबंधित थाना जवां इंस्पेक्टर से बात की गई तो उनके द्वारा संबंधित मामले में एफआईआर होना बताया गया जबकि वह एफआईआर एक निजी भूमि के स्वामी लेखराज सिंह के द्वारा कराई गई है जिसमें से महेंद्र प्रधान के द्वारा लगभग चार लाख रुपए कीमत का खनन किया गया है। लेकिन विभागीय जांच और आदेश होने के बाद भी ग्राम समाज की सरकारी भूमि से खनन और कब्जे की शिकायत पर पुलिस के द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। वही इस पूरे मामले में जनपद अलीगढ़ के खनन अधिकारी सुरेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां परिवाद दायर किया गया है जिसमें विपक्षियों के विरुद्ध कार्रवाई प्रचलित है।

# जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल 09 मार्च को महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी जे0पी0 सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि उप निदेशक युवा कल्याण की अध्यक्षता में जोन स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल के माध्यम से जिला स्तरीय टीम हेतु समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति में जिला युवा कल्याण अधिकारी, व्यायाम प्रशिक्षक, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी इगलास एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित 02 खेल शिक्षकों को सदस्य के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति की देख-रेख में जिले के खिलाड़ियों को जोन स्तर पर प्रतिभाग कराने के लिए 09 मार्च को प्रातः 08 बजे से महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम में ट्रायल कराया जा रहा है, जिसमें एथलेटिक्स, बालीवॉल, कुश्ती, कबड्डी, वेटलिफ्टिंग, वैडमिंटन, जूडो विधाओं में मा0 विधायक खेल स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को सूचित किया है कि वह नियत समय व स्थान पर ट्रायल में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए व्यायाम प्रशिक्षक राष्ट्रवर्धन लोधी से दूरभाष नंबर 8433121143 पर संपर्क किया जा सकता है।

# राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य आगामी 09 मार्च को करेंगी महिला जनसुनवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गौतम बुद्ध नगर, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश की मा० सदस्य डा० मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में आगामी 09 मार्च 2026 को प्रातः 11:30 बजे से विकास भवन सभागार में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस जनसुनवाई के माध्यम से जनपद की महिलाओं से संबंधित शिकायतों, समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर उनके निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने आमजन से कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ उठायें।

# भू-राजस्व बकाया पर पांच लोगों की अचल संपत्तियां कुर्क




**आगरा।** भू-राजस्व की बकाया धनराशि जमा न करने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच बकायेदारों की अचल संपत्तियां कुर्क कर दीं। उप जिलाधिकारी (सदर) सचिन राजपूत के आदेश पर सदर तहसील प्रशासन की टीम ने कार्रवाई करते हुए संबंधित जमीनों को जब्त कर लिया और उनके हस्तांतरण, बिक्री या दान पर रोक लगा दी है। तहसील प्रशासन के अनुसार भू-राजस्व की बकाया राशि जमा न करने वाले लोगों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई की गई है। अमीन कुण्डौल, सदर तहसील की ओर से पांच बकायेदारों की जमीनों को राजस्व वसूली के तहत जब्त किया गया है।

प्रशासन के मुताबिक कुण्डौल निवासी राम सिंह पुत्र महाराज सिंह पर 10 लाख 63 हजार 924 रुपये भू-राजस्व बकाया था, जिसे जमा न करने पर मौजा बरौली गुर्जर स्थित उनकी जमीन को कुर्क किया गया। इसमें खाता संख्या 00292 के अंतर्गत कई गाटा नंबरों की कुल 1.3540 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इसी तरह विजय मल्हैला पोस्ट कुण्डौल निवासी शौकीन सिंह पुत्र गोधन सिंह पर 6 लाख 8 हजार 726 रुपये भू-राजस्व बकाया था। राशि जमा न करने पर मौजा कुण्डौल और मौजा सलामपुर में स्थित उनकी जमीन को जब्त कर लिया गया। इसमें लगभग 0.8971 हेक्टेयर और 0.2677 हेक्टेयर भूमि शामिल है।

कुण्डौल निवासी रणवीर सिंह पुत्र ओमप्रकाश पर 10 लाख 85 हजार 61 रुपये का बकाया होने पर मौजा कुण्डौल में स्थित करीब 1.6128 हेक्टेयर भूमि कुर्क की गई है। इसी तरह अशोक कुमार पुत्र रघुवीर सिंह पर 30 लाख 2 हजार 717 रुपये भू-राजस्व बकाया था। प्रशासन ने मौजा कुण्डौल और मौजा नदौता में स्थित उनकी कुल लगभग 4.895 हेक्टेयर से अधिक भूमि को जब्त कर लिया है। वहीं धमौटा पोस्ट कुण्डौल निवासी राकेश कुमार पुत्र विशम्बर सिंह पर 9 लाख 59 हजार 214 रुपये का बकाया होने पर मौजा धमौटा में स्थित 1.311 हेक्टेयर भूमि को कुर्क किया गया है।

उप जिलाधिकारी (सदर) ने बताया कि संबंधित सभी बकायेदारों की संपत्तियों को विधिक प्रक्रिया के तहत जब्त कर लिया गया है। साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि जब तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती, तब तक वे उक्त संपत्तियों का हस्तांतरण, बिक्री, दान या किसी अन्य रूप में उपयोग नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा अन्य व्यक्तियों को भी इन संपत्तियों को खरीदने या किसी भी प्रकार से प्राप्त करने से प्रतिबंधित किया गया है। तहसील प्रशासन का कहना है कि भू-राजस्व की वसूली को लेकर आगे भी अभियान जारी रहेगा और बकाया राशि जमा न करने वालों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

# मतांतरण गिरोह के तार संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े, रांची जेल से आरोपी को पूछताछ के लिए लाया गया आगरा

**आगरा।** सदर क्षेत्र की सगी बहनों के चर्चित मतांतरण मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक और बड़ा सुराग मिला है। जांच में मतांतरण गिरोह के सरगना अब्दुल रहमान, आयशा और रहमान कुरैशी के तार संदिग्ध आतंकी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत मिले हैं। इसी कड़ी में झारखंड की रांची सेंट्रल जेल में बंद संदिग्ध आतंकी अयान जावेद को आगरा पुलिस बी-वारंट पर पूछताछ के लिए आगरा लेकर आई है। पुलिस के अनुसार अयान जावेद के खिलाफ झारखंड एटीएस पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। अप्रैल 2025 में एटीएस ने अयान जावेद, उसकी पत्नी शबनम, गुलफाम हसन और शहजाद आलम को धनबाद से गिरफ्तार किया था। इन सभी पर जॉर्डन के प्रतिबंधित संगठन हिज्ब-उल-तहरीर (एचयूटी) और अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआइएस) से जुड़े होने के आरोप लगे थे। तभी से सभी आरोपी रांची सेंट्रल जेल में बंद हैं। अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि जून 2025 में सदर क्षेत्र की सगी बहनों समेत करीब आधा दर्जन युवतियों को मतांतरण गिरोह के चंगुल से मुक्त कराया गया था। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कोलकाता, दिल्ली, हरियाणा और उत्तराखंड सहित छह राज्यों में एक साथ दबिश दी थी। जांच के दौरान दिल्ली निवासी अब्दुल रहमान, गोवा निवासी आयशा और आगरा के शाहगंज निवासी रहमान कुरैशी समेत 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मामले की विवेचना के दौरान अयान जावेद का नाम सामने आया। जांच में पता चला कि देहरादून की एक युवती उसके संपर्क में थी और दोनों के बीच 200 से अधिक बार बातचीत हुई थी। इसके बाद पुलिस ने अयान जावेद की पृष्ठभूमि खंगाली तो उसके आतंकी गतिविधियों से जुड़े होने के संकेत मिले। इसी आधार पर पुलिस ने अदालत से बी-वारंट जारी कराकर उसे पूछताछ के लिए आगरा लाने की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस टीम शुक्रवार को अयान जावेद को कड़ी सुरक्षा के बीच रांची सेंट्रल जेल से आगरा लेकर आई।



# दिव्यांग शिक्षक निकला ड्रग्स तस्कर, रेव पार्टियों के लिए बना रहा था एमडीएमए

## हैदराबाद व आगरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, दुकान से कई सौ लीटर रसायन बरामद

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र में रहने वाला एक दिव्यांग रसायन विज्ञान शिक्षक रेव पार्टियों में इस्तेमाल होने वाली सिंथेटिक ड्रग्स तैयार कर ऑनलाइन माध्यम से बेच रहा था। तेलंगाना नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिली सूचना के बाद हैदराबाद पुलिस और आगरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को नगला मद्दू गांव में छापा मारकर आरोपी शिक्षक मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी दुकान से ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त कई सौ लीटर रसायन भी बरामद किए हैं।

अपर पुलिस उपायुक्त आदित्य ने बताया कि नगला मद्दू गांव में दिनेश उपाध्याय के मकान में करीब 15 वर्षों से किराए पर रह रहा मनोज कुमार मूल रूप से फिरोजाबाद के नारखी थाना क्षेत्र का निवासी है। वह रसायन विज्ञान का शिक्षक है और शारीरिक रूप से दिव्यांग भी है। तेलंगाना पुलिस से मिली सूचना के आधार पर स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि करीब एक सप्ताह पहले हैदराबाद पुलिस ने जोधपुर निवासी वीरेंद्र कुमार को गिरफ्तार किया था। वीरेंद्र एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्रों को गणित पढ़ाता था। पूछताछ के दौरान उसने अपने साथी के रूप में मनोज कुमार का नाम बताया। इसके बाद हैदराबाद और आगरा पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह नगला मद्दू स्थित दुकान पर छापा मारकर मनोज को गिरफ्तार कर लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने दुकान से बड़ी मात्रा में रसायन बरामद किए। अधिकारियों के अनुसार इन रसायनों से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक कीमत की ड्रग्स तैयार की जा सकती थी। बरामद रसायनों में करीब 450 लीटर डिस्टिल्ड वाटर, 120 लीटर मिथाइलामाइन, 27.50 लीटर हाइड्रोब्रोमिक एसिड, 100 लीटर एथाइल एसीटेट, 50 लीटर एसीटोन, 40 लीटर हाइड्रोक्लोरिक एसिड और नौ लीटर एथेनॉल शामिल हैं। पुलिस के अनुसार इन रसायनों का इस्तेमाल एमडीएमए समेत अन्य सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने में किया जाता है। आरोपी इनसे ड्रग्स तैयार कर अपने साथी वीरेंद्र को देता था, जो उन्हें ऑनलाइन माध्यम से रेव पार्टियों और अन्य नेटवर्क के जरिए ऊंचे दामों पर बेचता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह करीब एक वर्ष पहले बच्चों को पढ़ाने के लिए जोधपुर गया था, जहां जून 2025 में उसकी मुलाकात वीरेंद्र कुमार से हुई। वीरेंद्र ने उसे अधिक कमाई का लालच देकर इस कारोबार में शामिल कर लिया। इसके बाद उसने इंटरनेट और यूट्यूब के माध्यम से पार्टी ड्रग्स के बारे में जानकारी जुटाई और एमडीएमए बनाने के तरीके सीखे। पुलिस के अनुसार मनोज ने घर में अधिक मात्रा में रसायन रखने से शक होने की आशंका के चलते करीब एक माह पहले आलू भंडारण के बहाने एक दुकान किराए पर ली थी। उसी दुकान में वह रसायनों का भंडारण करता था और ड्रग्स तैयार करने का काम करता था।

नगला मद्दू गांव में मनोज कुमार की पहचान एक अच्छे शिक्षक के रूप में थी। वह करीब डेढ़ दशक से यहां रह रहा था और आसपास के गांवों के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। उसकी पढ़ाने की शैली और विषय पर पकड़ के कारण छात्रों व अभिभावकों के बीच उसकी अच्छी छवि थी। ग्रामीणों के अनुसार वह पत्नी और तीन बच्चों एक बेटी और दो बेटों के साथ गांव में रहता था

# आगामी 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**गौतमबुद्धनगर** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर अतुल श्रीवास्तव के प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में अपर जिला जज-II /विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0एक्ट)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत गौतमबुद्धनगर सोमप्रभा मिश्रा ने बताया कि 14/03/2026 को जनपद गौतमबुद्धनगर में मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेषतः आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामले, बिजली व पानी से संबधित मामले, धारा 138 एन.आई. एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा सम्बन्धित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद, जिनमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन सन्धि हेतु इच्छुक हो वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किये जायेगे।

## छोटी खबरें

### डीएम व एसपी ने गैस एजेंसी का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा प्राप्त शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ अलीगढ़ रोड स्थित मंडी समिति में सुहानी एचपी गैस एजेंसी का निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वितरण व्यवस्था, उपलब्ध स्टॉक, बुकिंग और डिलीवरी प्रक्रिया के संबंध में संचालक से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही स्टॉक पंजिका और वितरण पंजिका का गहनता से अवलोकन कर सत्यापन किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी भी ली।जिलाधिकारी ने एजेंसी पर उपलब्ध गैस सिलेंडरों की संख्या, स्टॉक और वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए गैस की आपूर्ति, प्रतिदिन होने वाले वितरण और उपभोक्ताओं को समय से गैस उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समयबद्ध तरीके से गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए और किसी भी स्थिति में अनावश्यक विलंब न होने पाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तुलाई मशीन पर खाली और भरे हुए गैस सिलेंडरों की तौल कराकर स्वयं जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देश दिए कि गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखें और बुकिंग के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर उपभोक्ताओं को डिलीवरी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वितरण प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी हो तथा एजेंसी परिसर में उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सूचनाएं स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाएं।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की कि गैस सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

### डीएम व एसपी ने उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती–2025 की लिखित परीक्षा के प्रथम दिवस पर जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ श्री अक्रूर इंटर कॉलेज तथा बागला इंटर कॉलेज हाथरस के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों के प्रवेश, कक्ष व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम और सीसीटीवी कैमरों के संचालन की स्थिति की भी समीक्षा की तथा कैमरों के माध्यम से परीक्षा कक्षों में चल रही परीक्षा प्रक्रिया और परीक्षार्थियों की गतिविधियों की निगरानी की।जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ और व्यवस्थित रखी जाएं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता और कड़ी निगरानी के साथ संपन्न कराया जाए, जिससे सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष अवसर मिल सके।उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें तथा सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मुस्तैद रखी जाए, जिससे परीक्षा सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

### गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें: डीएम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** गैस एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की बढ़ती भीड़ को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच जिलाधिकारी अतुल वत्स ने जनपदवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।स्थिति की निगरानी के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक मॉनिटरिंग टीम का गठन किया गया है, जिसमें जनपद की सभी गैस एजेंसी संचालक, गैस कंपनियों के सेल्स ऑफिसर और पूर्ति निरीक्षकों को शामिल किया गया है। साथ ही गैस की कालाबाजारी या किसी समस्या की जानकारी के लिए सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 05722-227042 जारी किया गया है।समस्त गैस एजेंसी संचालकों को अपने स्टॉक की जानकारी सूचना पट पर नियमित रूप से अपडेट रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही होर्डिंग और फ्लेक्सी के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने को भी कहा गया है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी गलत या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें।जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुवराज यादव ने बताया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग ऑनलाइन, मोबाइल ओटीपी और ऐप के माध्यम से की जा रही है। नगर क्षेत्र में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्र में 45 दिन के अंतराल पर बुकिंग की जा सकेगी। बिना बुकिंग के सिलेंडर देने, जमाखोरी करने, भ्रामक अफवाह फैलाने, कालाबाजारी या अवैध भंडारण करते पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनपदवासियों से सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

### महिलाओं को मिला भरोसेमंद सुरक्षा तंत्र, 24 घंटे मिल रही सहायता

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर योगी सरकार की प्रतिबद्धता लगातार मजबूत होती दिख रही है। इसी दिशा में शुरू की गई 181 महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए संकट की घड़ी में भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है। वर्ष 2017 से संचालित यह टोल फ्री हेल्पलाइन प्रदेश भर में चौबीसों घंटे सक्रिय है और अब तक इसके माध्यम से 8.42 लाख से अधिक महिलाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी विषम परिस्थिति में फंसी महिलाएं 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। इससे उन्हें त्वरित राहत मिलने के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है।

**महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहायता तंत्र**

181 महिला हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक समर्पित सहायता तंत्र के रूप में कार्य कर रही है। इस हेल्पलाइन के जरिए प्रदेश के किसी भी कोने से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर सकती हैं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हैं और उन्हें तत्काल सलाह व आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते हैं। इससे संकट की स्थिति में घिरी महिला को मानसिक संबल मिलता है और उन्हें समाधान की दिशा में उचित मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

**24 घंटे सक्रिय व्यवस्था से मिल रही त्वरित मदद**

महिला हेल्पलाइन 181 को इस प्रकार विकसित किया गया है कि यह चौबीसों घंटे सक्रिय रहकर महिलाओं को तुरंत सहायता उपलब्ध करा सके। इसमें किसी भी समय आई कॉल को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाता है। संबंधित महिला को समस्या के अनुसार परामर्श या आवश्यक सहायता प्रदान की जाती है। इस व्यवस्था के चलते प्रदेश की महिलाएं किसी भी आपात स्थिति में बिना झिझक अपनी समस्या साझा कर पा रही हैं। इससे महिला सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता भी स्पष्ट रूप से सामने आती है।

# स्वदेशी की नई उड़ान, योगी सरकार दे रही हस्तशिल्प को वैश्विक पहचान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**लखनऊ।** स्थानीय उत्पादों और पारंपरिक कारीगरी को नया बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार आगरा, वाराणसी और लखनऊ में आधुनिक पीएम यूनिटी मॉल का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। इन मॉल का उद्देश्य पारंपरिक उद्योगों, हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को एक ही स्थान पर प्रदर्शित और विपणन करने के लिए स्थायी मंच उपलब्ध कराना है। इससे कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को बड़े बाजार से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में दम तोड़ रहे परंपरागत उद्योगों को फिर से खड़ा करने के लिए सरकार की ओर से बढ़ाया गया यह कदम न सिर्फ शिल्पकारों की आजीविका को मजबूत कर रहा है, बल्कि स्थानीय उत्पादों को स्वदेशी की नई ताकत के रूप में स्थापित भी कर रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पीएम यूनिटी मॉल राज्यों में स्थानीय उत्पादों की बिक्री, प्रदर्शन और ब्रांडिंग का बड़ा केंद्र बनकर उभर रही है। आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में लगभग 11.53 एकड़ भूमि पर करीब 128.85 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। बेसमेंट की खुदाई, फाउंडेशन की पीसीसी, आरसीसी, बेसमेंट फ्लोर के कॉलम एवं रिटेनिंग वाल की आरसीसी का कार्य 100% तक पूर्ण हो चुका है। यहां ब्रज क्षेत्र, आगरा, फिरोजाबाद और आसपास के जिलों के हस्तशिल्प व पारंपरिक उत्पादों को ब्रांडिंग के साथ देश-विदेश के बाजार तक पहुंचाने की व्यवस्था होगी। वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी में करीब 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ क्षेत्र में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। डी-वाल का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि बेसमेंट 3 में फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर है। यहां बनारसी साड़ी, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने, रुद्राक्ष और अन्य पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में लगभग 4.86 एकड़ क्षेत्र में 64 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। यह परियोजना जून 2026 तक पूरी होने की संभावना है। अभी यहां दुकानों में फिनिशिंग एवं एडमिन ब्लॉक के स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि ब्रिक वर्क और लिफ्ट का कार्य प्रगति पर है। यहां चिकनकारी, जरी-जरदोजी और अवध क्षेत्र के अन्य प्रसिद्ध उत्पादों को बड़ा बाजार मिलेगा।

यूनिटी मॉल बनने से प्रदेश के 75 जिलों के उत्पादों को एक मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे स्थानीय कारीगरों की आय बढ़ेगी, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही यह पहल स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और पर्यटन को भी प्रोत्साहित करेगी।

## गुरु गौरव कप 2026 क्रिकेट टूनार्मेंट का डॉ. विकास शर्मा ने किया शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** माध्यमिक शिक्षा विभाग अलीगढ़ मंडल के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के बीच आयोजित ह्लगुरु गौरव कप 2026ह्व क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारंभ के.एल. जैन इंटर कॉलेज सासनी के खेल मैदान में उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। टूनार्मेंट का उद्घाटन फोकस अल्ट्रासाउंड के डायरेक्टर डॉ. विकास शर्मा ने किया।उद्घाटन समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक अलीगढ़ पूरन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सशक्त माध्यम हैं। शिक्षकों की ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी समाज के लिए प्रेरणादायक है।आयोजन समिति की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। डॉ. विकास शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ खेल संस्कृति का विकास भी आवश्यक है। ऐसे आयोजन शिक्षकों के बीच आपसी सहयोग और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना को मजबूत करते हैं।इस अवसर पर के.एल. जैन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. दीपक जैन और डॉ. वीरेंद्र प्रताप सिंह ने अतिथियों, शिक्षकों और खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए आयोजन समिति की ओर से आभार व्यक्त किया।उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में शिक्षक, खेल प्रेमी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। पूरे मैदान में उत्साह का माहौल रहा और दर्शकों ने खिलाड़ियों का जोरदार उत्साहवर्धन किया। आयोजन को शिक्षा जगत में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने वाला प्रेरणादायक प्रयास बताया गया।

# गांव छौंक में स्काउट गाइड के प्रवेश सोपान का हुआ समापन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वाती भारती के आदेशानुसार जनपद के परिषदीय विद्यालयों में स्काउट गाइड की गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिसके चलते उच्च प्राथमिक विद्यालय छौंक में स्काउट गाइड का प्रवेश सोपान आयोजित किया गया। जिसमें 65 विद्यार्थियों को स्काउट गाइड की जानकारी दी गई।

शनिवार को शिविर की अध्यक्षता इंचार्ज प्रधानाध्यापक विमलेश सिंह ने की एवं प्रशिक्षण जिला स्काउट मास्टर डॉ.पुष्पेंद्र सिंह द्वारा दिया गया। प्रथम दिवस बच्चों ने स्काउट गाइड के इतिहास की जानकारी प्राप्त की और स्काउटिंग के सिद्धांत, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, झंडा गीत को सीखा दूसरे दिन बच्चों ने प्राथमिक चिकित्सा एवं पायनियरिंग के अंतर्गत रस्सी की गांठ लगाना सीखा। अंतिम दिन टोली नायक मोहित, चंद्रशेखर आजाद टोली, टोली नायक आशिफ भगत सिंह टोली, टोली नायक योग्यता, रानी लक्ष्मीबाई टोली, टोली नायक ज्योति, कल्पना चावला टोली की मार्गदर्शन में स्काउट गाइड ने तंबू निर्माण किया एवं विभिन्न कैंप गैजेट्स जैसे जूता स्टैंड, पानी का स्टैंड, बर्तन रखने का स्टैंड, कूड़ेदान स्टैंड, औजार स्टैंड, जंगल अलमारी का निर्माण किया। सभी स्काउट गाइड ने जंगल भोज का निर्माण किया जिसमें बिना बर्तनों के चोखा बाटी एवं भेलपुरी बनाई। अंत में कैंप फायर आयोजित किया गया जिसमें चार दिशाओं के दूत श्वेता, रिजवाना, कोमल, संजना ने शांति, ज्ञान, हरियाली एवं भाईचारे का संदेश दिया। प्रत्येक टोली द्वारा देश भक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कैंप में प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय छौंक सुभाष चंद्र, सविता, प्रीति एवं राजकुमार का सराहनीय सहयोग रहा।

## मशीनरी बिना बताए बेचने वाले आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** कस्बा के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया सासनी शाखा से व्यापार के लिए ऋण लेकर खरीदी गई मशीनरी को बिना बताए बेचने के आरोप में बैंक के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। वरिष्ठ प्रबंधक विकेश कुमार के अनुसार उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, जिसमें बताया कि ग्राम नगला लच्छी निवासी मुनीष कुमार पुत्र सतीश कुमार ने पीएमईजीपी योजना के तहत वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया था। बैंक ने जून 2024 में मुनीष कुमार के व्यापार हेतु आगरा रोड स्थित कान्हा कोल्ड स्टोरेज के कार्यस्थल के लिए टर्म लोन और सीसी लिमिट स्वीकृत की थी। इस ऋण राशि से मुनीष ने मशीनरी खरीदी और अपना व्यवसाय शुरू किया। शिकायत में कहा है कि आरोपी ने कुछ समय तक काम सही ढंग से किया। हालांकि, नवंबर 2025 में उसने बैंक को सूचित किए बिना अपनी कार्यशाला का स्थान बदल दिया। जब बैंक अधिकारी ने कार्यस्थल का निरीक्षण किया, तो वहां से मशीनरी गायब पाई गई। पूछताछ करने पर आरोपी मुनीष कुमार कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। जांच में सामने आया कि आरोपी ने बैंक की अनुमति के बिना और ऋण राशि हड़पने के उद्देश्य से, बैंक के पास बंधक रखी गई मशीनरी को किसी अन्य व्यक्ति को अवैध रूप से बेच दिया था। कोतवाली प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि बैंक प्रबंधक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी और बैंक के साथ किए गए करार के उल्लंघन की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## तीन दिन से लापता अधेड़ का शव पेड़ पर लटका मिला

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** गांव सुसायत कलां का तीन दिन से लापता एक वावन वर्षीय व्यक्ति का शव शुक्रवार देर शाम पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शनिवार को परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुसायत कलां निवासी प्रेम पाल सिंह (53) तीन दिन पूर्व घर से बिना कहे कहीं चला गया था। मृतक की दिनांक 10 मार्च को अपनी पत्नी से कहासुनी हो गई थी, उसके बाद वह घर से चले गया था। उसके बाद पुत्र प्रदीप कुमार ने 13 मार्च को कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी शुक्रवार देर शाम को ग्रामीणों ने हनुमान चैकी स्थित वन चेतना केंद्र में एक व्यक्ति का पेड़ पर लटका शव देखा। इसकी सूचना हनुमान चैकी पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव को पेड से नीचे उतारा और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये परिजनों में मृतक का शव देखकर कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार ने बताया कि गुमशुदगी के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## असंतुलित होकर बाइक फिसली सवार घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** आगरा अलीगढ राजमार्ग स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पास एक बाइक असंतुलित होकर फिसल गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, हाथरस में थाना चंदपा के गांव नगला भुस निवासी राजा अपनी बाइक से किसी कार्य हेतु अलीगढ की ओर जा रहा था। बताते हैं कि जैसे ही उसकी बाइक पुरानी सब्जी मंडी के समीप पहुँची वैसे ही बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल हाथरस रेफर कर दिया।

## सम्यक पुस्तकालय एवं वाचनालय, अम्बेडकर पार्क में काशीराम जयंती आज

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** डॉ भीमराव अम्बेडकर शैक्षिक एवं सामाजिक विकास समिति सासनी हाथरस के तत्वावधान में आज सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक सासनी–रूदायन रोड स्थित सम्यक पुस्तकालय एवं वाचनालय, अम्बेडकर पार्क पर बामसेफ डीएस–4 संगठन एवं बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक साहब काशीराम का जन्म दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शनिवार को यह जानकारी देते हुए डॉ भीमराव अम्बेडकर शैक्षिक एवं सामाजिक विकास समिति सासनी अध्यक्ष युवराज सिंह भैया जी ने बताया कि कार्रक्रम के साथ ही इस पार्क और पुस्तकालय के सौंदर्यीकरण एवं संचालन हेतु विचार विमर्श एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिये जायेंगे। जिसमें संस्था के गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे।

## डीएम व एसपी ने मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** जनपद में दवाओं की उपलब्धता और व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अतुल वत्स ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ शनिवार को अलीगढ़ रोड स्थित मंडी समिति में एक मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध दवाओं, उनके रख–रखाव, रिकॉर्ड तथा सीसीटीवी कैमरों के संचालन की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संचालक को निर्देश दिए कि दवाओं की गुणवत्ता, वैधता और भंडारण व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता को बेहतर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। दवाओं की उपलब्धता और उनके वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



हाथरस। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर ह्लसुरक्षित उत्पाद, आत्मविश्वासी उपभोक्ताह्व विषय के अंतर्गत कोमल फाउंडेशन तथा भारतीय मानक ब्यूरो उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार नोएडा शाखा कार्यालय के सहयोग से श्रेय श्याम फार्म हाउस में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को उपभोक्ता अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया।मुख्य अतिथि यूपीपीसीएल के उपखंड अधिकारी संदीप कुमार व एई (मीटर) नवीन स्वरूप ने कहा कि किसी भी सेवा या उत्पाद से संबंधित समस्या होने पर उपभोक्ताओं को तुरंत शिकायत दर्ज करानी चाहिए। जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है और इससे व्यवस्था में पारदर्शिता भी बढ़ती है।कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं रिसोर्स पर्सन अश्वनी कुमार राजौरिया ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों और शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बीआईएस केयर ऐप का उपयोग कर सकते हैं, जिससे उत्पाद की जांच करने और शिकायत दर्ज कराने में सुविधा मिलती है।प्रशांत सारस्वत ,डिवीजन इंचार्ज शशिकांत,योगेश कुमार,लाखन सिंह ने कहा कि जागरूकता ही उपभोक्ता शोषण को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर पवनदेव, अजय कुमार, अवधेश कुमार, तेजवीर, ललित कुमार, पवन कुमार, दीपचंद्र, सलीम खान, योगेश चौधरी, गोपाल कौशिक, नरेश कुमार, उत्तम सिंह, रजत कश्यप, हरीश कुमार, ओमवीर सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# रुहेरी में वैदिक प्रचार अभियान के तहत पारिवारिक वैदिक समारोह आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** वैदिक प्रचार अभियान ह्लचलो गांव की ओरह्व के अंतर्गत ग्राम रुहेरी में आर्य समाज जनपद हाथरस द्वारा पारिवारिक वैदिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में वैदिक प्रचार को बढ़ावा देना, परिवारों में बढ़ रहे विघटन को रोकना तथा समाज में समरसता और एकता की भावना को मजबूत करना रहा। साथ ही लोगों से कुरीतियों से दूर रहने का आह्वान भी किया गया।कार्यक्रम में जयपुर से आए अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य जानकी प्रसाद शर्मा ने यज्ञ की महिमा और वैदिक मंत्रों की सुंदर व्याख्या करते हुए यज्ञ के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान राम और योगीराज भगवान कृष्ण प्रतिदिन संध्या और हवन यज्ञ करते थे, जिनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए।भजनोपदेशक भानु प्रकाश शास्त्री बरेली ने भजनों के माध्यम से श्रोताओं में उत्साह भरते हुए परिवार की एकता और समाज कल्याण का संदेश दिया। उन्होंने भजन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जिस घर में एक-दूसरे की बात मानी जाती है, वहां कभी परेशानी नहीं आती। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक अखिल भारतीय भजनोपदेशक आचार्य मनोज शास्त्री और श्वेता आर्य अंबाला ने कहा कि जो संतान माता-पिता को सम्मान दिलाती है, वही परिवार और समाज को गौरव प्रदान करती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में पुरोहित दिनेश अग्निहोत्री, बनवारी लाल गोस्वामी, महेश वर्मा मेडू, अमर सिंह, भानु प्रसाद गुप्ता, श्याम दत्त शर्मा, सुभाष चंद्र आर्य, प्रभु दयाल आर्य, फेम व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, मुन्नालाल आर्य, कवि गाफिल स्वामी, विजय कुमार आर्य और गौरवमंजू अग्निहोत्री सहित अनेक लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण कर सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# पीएम मातृ वंदना योजना को लेकर सीडीपीओ ने किया वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** सीडीपीओ संध्या सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निदेशक बाल विकास पुष्पहार के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में जनपद में कम प्रगति पाए जाने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा वीएचएसएनडीसत्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि वे दो-दो मुख्य सेविकाओं के माध्यम से प्रतिदिन 10-10 फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंच सके।

निरीक्षण के दौरान नियाना वीएचएसएनडी सत्र में एएनएम और आशा कार्यकर्ता उपस्थित मिलीं। ड्यू लिस्ट के अनुसार 11 गर्भवती महिलाएं, 4 पात्र (समय मानक के अनुसार पूर्ण नहीं) तथा 1 पात्र महिला पाई गई। उक्त पात्र महिला का फॉर्म सोमवार को मुख्य सेविका के माध्यम से भरा जाएगा। सीडीपीओ ने परियोजना क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि वे व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र महिलाओं के फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करें, अन्यथा लापरवाही पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर के लिए 13,444 लाभार्थियों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष वर्तमान में जनपद में मात्र 2,643 लाभार्थियों का पंजीकरण ही हो पाया है, जो लक्ष्य की तुलना में काफी कम है। निर्देश दिए गए हैं कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर के रजिस्टर में दर्ज लाभार्थियों में से पात्र महिलाओं की पहचान कर उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में आवेदन करवाएं, ताकि योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंच सके और जनपद का लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके।

## अमांपुर में योग शिविर का हुआ अयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** अमांपुर कस्बा के उमा सर्वेश बाल विद्या मंदिर में शनिवार को पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य कार्यकारिणी सदस्य जेसी चतुर्वेदी एवं जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति राम रक्षपाल सिंह ने प्रणायाम व योग से शरीर को निरोग रखने के उपाय बताए। वही योग अभ्यास भी कराया गया। जिसमें प्रणायाम, सूर्य नमस्कार, हास्यासन आसन का अभ्यास भी कराया। राज्य कार्यकारिणी सदस्य जेसी चतुर्वेदी ने कहा कि योग करने से मन शांत रहता है। शरीर में स्फूर्ति रहती है। वही कई तरह की बीमारियों से निजात मिलती है। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मन और आत्मा को भी सशक्त बनाता है। उन्होंने नाभि विज्ञान के बारे में लोगो को वृहद जानकारी दी तथा नाभि को ही योग का मूल बताते हुए योगाभ्यास कराए । विद्यालय में दैनिक योग कक्षा शुरू होने से विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के लोगों को नियमित योगाभ्यास का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित योग साधकों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन खंड प्रभारी परन्तप सोलंकी ने किया। इस दौरान राकेश पाराशर, विपिन बिहारी अग्रवाल, आचार्य संजय सोलंकी, विजय प्रकाश गुप्ता, योगेश कुमार, धीरज गुप्ता, एडवोकेट श्याम सुंदर सोलंकी, प्रमोद गुप्ता, चित्तर सिंह, अवधेश गुप्ता, गौरव गुप्ता, आकाश गुप्ता सर्राफ, मनोज गुप्ता, अर्जेंट सिंह वर्मा, सुरेश गुप्ता, सुमित गुप्ता, सोनू गुप्ता, जितेंद्र भारद्वाज, हिदेश सर्राफ, मुकेश सविता, विष्णु गोयल, डॉ राघव सोलंकी, राममोहन पाराशर आदि मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद सुलझाने आई महिला से मारपीट, एसपी से शिकायत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के गांव दौंकेली में पारिवारिक विवाद सुलझाने आई महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। हाथरस जिले के थाना हाथरस क्षेत्र के गांव छोटा अईयापुर निवासी जया कुमारी पत्नी राजकुमार ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि वह 10 मार्च 2026 को दोपहर करीब दो बजे अपनी ननद के घर गांव दौंकेली, थाना ढोलना आई थी। यहां पारिवारिक विवाद को लेकर बातचीत के दौरान ननदोई मोहन लाल पुत्र प्रेमराज तथा उसके भाई कुशलपाल और हंसराज ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि इसके बाद आरोपियों ने जया कुमारी, उसके पति और देवर के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में जया कुमारी की आंख में चोट आई, जबकि उसके पति और देवर को भी चोटें आई हैं। पीड़िता का आरोप है कि उसे जमीन पर गिराकर बाल पकड़कर खींचते हुए मारपीट की गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता का कहना है कि जब वह शिकायत लेकर थाना ढोलना पहुंची तो वहां सुनवाई नहीं हुई और उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक से मामले में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## टीकाकरण का प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने किया निरीक्षण, बेहतर मिली व्यवस्थाएं

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सिढ़पुरा क्षेत्र में चल रहे नियमित टीकाकरण का शनिवार को प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। वह शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के गांव चाँदपुर पहुंचे। यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार गौतम ने टीकाकरण सत्र के बारे मं जानकारी ली। मौके पर उन्हें एएनएम वीनेश राजपूत, आशा कार्यकर्ता कुसुम दीक्षित, अनारकली, आंगनवाडी कार्यकर्ता अंजली, लाखा देवी मौजूद मिलीं। जबकि सुपरवाइजर सीएचओ ललिता गौतम अवकाश पर थीं। निरीक्षण के दौरान उन्हें सत्र स्थल के बाहर टीकाकरण का बैनर लगा मिला, ड्यू लिस्ट अपडेट मिली। इसमें दर्ज 31 बच्चों में से उस समय तक 15 बच्चे टीकाकृत हो चुके थे। दो गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व की जाँच भी हुई थी, यू विन पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण उस समय तक टीकाकृत बच्चे व गर्भवती महिला दर्ज नहीं पाए गए, जबकि टेली शीट अपडेट पाई गई। वैक्सीन वायल नियमानुसार खोली गई थी। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. गौतम ने बताया कि उन्होंने सीएमओ डा. राजीव कुमार अग्रवाल के निर्देश पर टीकाकरण शत प्रतिशत पूर्ण कराने के लिए निरीक्षण किया। उन्हें निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं बेहतर मिली हैं।

## किशोरी घर से जेवर और नकदी लेकर हुई लापता, रिपोर्ट दर्ज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी घर से जेवर, नकदी लेकर लापता हो गई। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चलने पर पीडित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में एक ग्रामीण ने बताया है कि गत 13 मार्च को वह घर से बाहर गया था, घर पर उसकी बुजुर्ग बहन थी। करीब 11 बजे उसकी बेटी कहीं चली गई। काफी देर तक नहीं लौटने पर उसे जानकारी मिली। जब वह घर पहुंचा तो घर से 12 हजार रुपये की नकदी, जेवर भी गायब मिले। उसे आशंका है कि उसकी बेटी जेवर, नकदी भी ले गई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## किशोरी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र से एक किशोरी को अगवा करने के मामले में पीडित ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि गत दस मार्च की शांत करीब छह बजे उसकी बेटी को गांव का ही एक युवक अगवा कर ले गया। बेटी के घर पर नहीं मिलने पर उसे तलाश किया। जानकारी मिलने पर वह आरोपी के घर पहुंचा, जहां से उसे भगा दिया गया। इसके बाद वह दुबारा आरोपी के घर पहुंचा तो उसे जान से मारने की धमकी दे दी गई। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई कर बेटी की सकुशल बरामदगी व आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# श्री वैश्य माहौर सभा ने जिला कार्यकारिणी का किया गठन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता





**कासगंज।** श्री वैश्य माहौर सभा की बैठक में संगठन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्व सम्मति से सभा के अध्यक्ष दीपक गुप्ता, महामंत्री प्रदीप बनाए गए। इसके बाद अन्य पदाधिकारी भी घोषित किए गए। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। संगठन द्वारा आगामी दिनों में किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई।

श्री वैश्य माहौर सभा की आम सभा, कार्यकारिणी व संरक्षक मंडल की बैठक शहर के प्रतिष्ठित होटल में हुई। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता ने की। शुभारंभ की औपचारिकताएं श्री भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर पूरी की गईं। इस दौरान भामाशाह स्कूल, भामाशाह भवन, भामाशाह महोत्सव समिति को लेकर चर्चा की गई। बैठक में कार्यकाल के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। सरक्षक मंडल ने अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए व सदन की सहमति से अध्यक्ष पद पर दीपक गुप्ता सर्राफ को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया। कोषाध्यक्ष राकेश गुप्ता रॉकी, महामंत्री प्रदीप गुप्ता को निर्वाचित किया गया।

संरक्षक मंडल ने घोषणा की आगामी भामाशाह ज्यंती श्री माहौर वैश्य सभा के तत्वावधान में होगी। संरक्षक मंडल में शामिल दामोदर दास गुप्ता, डा. ज्ञान प्रकाश गुप्ता, डा. सुरेंद्र गुप्ता, विनोद गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, रामगोपाल गुप्ता, नरेशचंद्र गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष ज्ञान गुप्ता, सुधीर गुप्ता, ध्यान चंद्र गुप्ता ने नवीन कार्यकरणी के गठन की घोषणा की, नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका स्वागत अभिनंदन किया गया। बैठक में नीरज गुप्ता, नारायण दास गुप्ता, अजय गुप्ता, रामकैलाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, संजीव गुप्ता, रजनेश गुप्ता, दीपक चेयरमैन, पंकज गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, कमलकांत गुप्ता, मनोज गुप्ता, केशव गुप्ता, शिवम गुप्ता, अभिनव गुप्ता, रिंकू महाजन, अमित गुप्ता, सभासद संजय गुप्ता, लालाराम गुप्ता, राजीव गुप्ता, बबलू चैधरी, सुधीर गुप्ता, विशाल गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे।

## जिला माहेश्वरी सभा द्वारा विशाल निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जिला माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में शनिवार को शहर के रेलवे रोड स्थित गंगा देवी भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रेम गंगा लोक कल्याण समिति और डा. रामनिवास गुप्ता हॉस्पिटल सहसवान के सहयोग से संपंन हुआ। शिविर में चिकित्सकों ने रोगियों की ईसीजी, ब्लड सुगर, लिवर फंक्शन टेस्ट, हड्डी घनत्व जांच, ब्लड प्रेशर आदि की जांच की। शिविर में आयुष्मान कार्ड धारकों को दूरबीन से पेट के ऑपरेशन और मोतियाबिंद के ऑपरेशन निशुल्क कराने के लिए डा. रामनिवास गुप्ता हॉस्पिटल सहसवान में भर्ती होने की सलाह दी गई। इस दौरान हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आदित्य गुप्ता, मनोरोग विशेषज्ञ डा. हर्ष राठी, चर्म रोग विशेषज्ञ डा. अमोद गुप्ता, डा. विशाल झंवर ने रोगियों को उचित सलाह दी। इस दौरान श्री डीडू माहेश्वरी युवक मण्डल, श्री मारवाड़ी माहेश्वरी संघ के विभिन्न पदाधिकारी राजकुमार जखोटिया, घनश्याम मूंदड़ा, शिविर व्यवस्थापक सच्चिदानंद माहेश्वरी, राजीव कुमार कावरा, सुनीलकांत माहेश्वरी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना मामले मे रिपोर्ट दर्ज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना के मामले में तहरीर के आधार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में ढोलना के नगला पट्टी निवासी केशव कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह ने बताया है कि बहन नीलम पत्नी अखलेश निवासी नगला गोकुल भिटौना कासगंज गत पांच मार्च को घर से कूडा डालने जा रही थी, तभी बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। जिससे वह घायल हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जनपद में एलपीजी के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी एवं अवैध रिफिलिंग के विरुद्ध चल रहा सघन जांच अभियान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** जनपद में एलपीजी गैस के व्यावसायिक उपयोग, कालाबाजारी, अवैध रिफिलिंग एवं अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार संबंधित उपजिलाधिकारी/नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में बांट माप विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है।

इसी क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि विगत दिवस गठित टीमों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर जांच की गई। जांच के दौरान तहसील दादरी अन्तर्गत संचालित गैस एजेंसी क्रमशः मै० रूपवास इण्डेन ग्रामीण वितरक, रूपवास मै० राघव भारत गैस एजेंसी, चिटहेरा नगर नोएडा में मै० धनपाल भारत गैस एजेंसी, सैक्टर-122 मै० हैप्पी भारत गैस, निठारी मै० आराधिका इण्डेन, सैक्टर-54 व तहसील जेवर इण्डेन गैस एजेंसी, नगर पंचायत जेवर की जांच की गयी। जांच में उपरोक्त गैस एजेंसियों पर एल०पी०जी० गैस सिलेण्डर की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में पायी गयी तथा एजेंसियों पर पैसो, वेट तथा मेजरमैन्ट आदि लाईसेंस अद्यतन पाये गये। उक्त के अतिरिक्त टीमों द्वारा तहसील जेवर अन्तर्गत मै० जेवर फिलिंग स्टेशन की जांच की गयी। जांच के समय पेट्रोल पम्प पर पैसो, वेट तथा मेजरमैन्ट आदि लाईसेंस अद्यतन पाये गये व स्वच्छ पेय जल, हवा एवं शौचालय साफ सुथरे पाये गये। सभी पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल एवं डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध पाया गया।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में उपरोक्तानुसार जांच अभियान निरंतर संचालित किया जाता रहेगा, ताकि एलपीजी एवं पेट्रोलियम उत्पादों के वितरण में पारदर्शिता तथा नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

## पुण्यतिथि पर राजपाल सिंह सोलंकी को किया गया याद



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज/अमांपुर।** उमा सर्वेश बाल विद्या मंदिर के प्रबंधक प्रतिनिधि स्वर्गीय राजपाल सिंह सोलंकी की 15 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शनिवार को कस्बे के उमा सर्वेश बाल विद्या मंदिर परिसर में उनके चित्र एवं स्मृति स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उनके बेटे परन्तप सोलंकी ने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय में दैनिक योग कक्षा का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि योग कक्षा शुरू होने से विद्यार्थियों एवं क्षेत्र के लोगों को नियमित योगाभ्यास का लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम का संचालन खंड प्रभारी परन्तप सोलंकी ने किया। इस दौरान नगर संघचालक राकेश पाराशर, विपिन बिहारी अग्रवाल, भाजपा जिला महामंत्री संजय सोलंकी, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय प्रकाश गुप्ता, प्रधानाचार्य योगेश कुमार, मंडल अध्यक्ष चित्तर सिंह सोलंकी, धीरज गुप्ता, एडवोकेट श्याम सुंदर सोलंकी, प्रमोद गुप्ता, अवधेश गुप्ता, बौबी शाक्य, सुरेश चंद्र गुप्ता, नगर कार्यवाह गौरव गुप्ता, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, मनोज गुप्ता, अर्जेंट सिंह वर्मा, सुमित गुप्ता, सोनू गुप्ता, जितेंद्र भारद्वाज, हिदेश सर्राफ, एडवोकेट सुनील यादव, मुकेश सविता, विष्णु गोयल, डॉ राघव सोलंकी, बन्टू गोयल आदि मौजूद रहे।

## सिहोला गांव में घालयवस्था में मिला गूंगा बहरा युवक, भर्ती

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के फिरोजपुर सिहोला गांव के जंगल में घायलवस्था में मिले गूंगे बहरे व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे फिरोजपुर सिहोला गांव में एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। यहां लोगों ने बताया कि उदयवीर पुत्र मिहीलाल के नलकूप एक व्यक्ति पहुंचा, जो कि घायलावस्था में था। पुलिस ने उसकी पहचान कराने का प्रयास किया तो उसका नाम शमशेर पहलवान पुत्र इमामुद्दीन निवासी भामों ढोलना बताया गया। इसके बाद परिजन भी पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि शमशेर जन्म से ही गूंगा बहरा है। ग्रामीणों की मानें तो वह गंगीरी बॉर्डर की ओर से वह घायलवस्था मे नलकूप तक पहुंचा था। ग्रामीणों से वह बीडीपी व पानी के लिए इशारा कर रहा था, इसके बाद ग्रामीणों ने उसके पास पहुंचकर उसकी मदद के लिए प्रयास शुरू किए। पुलिस ने उसके भतीजे कमालुद्दीन पुत्र बदलू निवासी भामों व अन्य परिजनों के साथ एंबुलेंस से उपचार के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल में घायल का उपचार जारी है।

## अगवा हुई किशोरी को पुलिस किया सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सुन्नगढी थाना पुलिस ने क्षेत्र से अगवा हुई किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही आरोपी भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज किशोरी को अगवा कर ले जाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही आरोपी श्यामवीर पुत्र कल्लू निवासी किलौनी थाना सुन्नगढ़ी को भी पुलिस ने शहबाजपुर चैराहा से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## दुर्घटना में घालय युवक की उपचार के दौरान मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** अमांपुर थाना क्षेत्र में वायली के निकट हुई दुर्घटना में घायल साइकिल सवार ग्रामीण की शनिवार को उपचार के दौरान अलीगढ़ में मौत हो गई। परिजन शव लेकर घर लौट आए और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

परिजनों के मुताबिक गत 12 मार्च को अमांपुर के रानामऊ गांव निवासी 45 वर्षीय रामरतन पुत्र सोरन सिंह साइकिल से डीजल लेने के लिए वायली गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप पर आ रहे थे। तभी पेट्रोल पंप के निकट ही अज्ञात वाहन चालक उन्हें टक्कर मारकर चला गया था। गंभीर हालत में परिवार के लोग उन्हें बेहतर उपचार के लिए अलीगढ़ ले गए थे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवारीजन शव लेकर गांव लौट आए और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र प्रभाकर चैधरी, जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ परिक्षेत्र प्रभाकर चैधरी, जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की चेकिंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा केन्द्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उप निरीक्षक (एसआई) भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में कुल 3120 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2312 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 808 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

इसी प्रकार द्वितीय पाली में कुल 3120 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2310 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 810 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जनपद के समस्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सकुशल एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न हुई। परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

## अंबेडकर पुल पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियो का कहर

**आगरा।** छत्ता थाना क्षेत्र के अंबेडकर पुल पर शनिवार को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के कारण बड़ा सड़क हादसा हो गया। बेकाबू स्कॉर्पियो ने पहले साइकिल सवार को टक्कर मारी और इसके बाद एक लोडिंग ऑटो से जा भिड़ी। हादसे में साइकिल सवार और ऑटो चालक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, जबकि स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो काफी तेज गति से पुल की ओर आ रही थी। इसी दौरान चालक ने नियंत्रण खो दिया और सामने जा रहे साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो सीधे आगे चल रहे लोडिंग ऑटो से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया, वहीं ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक भी चोटिल हो गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तुरंत घायलों को सड़क से उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना छत्ता पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि फरार वाहन और चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंबेडकर पुल पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन दौड़ते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से यहां यातायात व्यवस्था सख्त करने और तेज गति से वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके।

## छोटी खबरें

### सिल्हौला बुजुर्ग में जल अर्पण दिवस व जल महोत्सव का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**सिकंदरा (कानपुर देहात), संवाददाता।** विकासखंड राजपुर की ग्राम पंचायत सिल्हौला बुजुर्ग में शनिवार को जल जीवन मिशन के तहत जल अर्पण दिवस एवं जल महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश बाबू कटियार तथा विशिष्ट अतिथि फूलचंद्र कठेरिया और कुलदीप निषाद (नामित सदस्य, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें जल पदयात्रा, प्रभात फेरी, जल वंदना, जल बंधन, जल संकल्प और जल श्रृंगार जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने जल बचाने और जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में 474 घरों को हाउस कनेक्शन के माध्यम से सोलर सिस्टम से संचालित ऑटोमेटेड पद्धति द्वारा नियमित पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सिल्हौला बुजुर्ग पेयजल योजना के तहत उन्हें नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल मिल रहा है, जिससे गांव में खुशी का माहौल है। अधिशासी अभियंता ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दैनिक जीवन में स्वच्छ पानी का उपयोग करने से स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के अधिकारियों के साथ ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, ग्रामवासी, विद्यालय के छात्र-छात्राएं, टीपीआई कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा एफटीके से जुड़ी महिलाएं भी मौजूद रहीं।

### सामूहिक सरल विवाह के लिए वर-वधुओं को वितरित किए गए वस्त्र


मोर्निंग सिटी संवाददाता




**जसवंतनगर /इटावा, संवाददाता।** भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा जसवंतनगर की ओर से आगामी 15 मार्च को आयोजित होने वाले सामूहिक सरल विवाह कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में शनिवार को संस्था की ओर से विवाह में शामिल होने वाले छह वर-वधुओं को वस्त्र व ड्रेस वितरित किए गए। ंस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 मार्च को प्रभु मैरिज होम में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कई जोड़े विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के तहत वर-वधुओं को वस्त्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि भारत विकास परिषद की समर्पण शाखा हर वर्ष सामूहिक विवाह जैसे सामाजिक कार्यक्रम आयोजित कर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की मदद करने का प्रयास करती है। सामूहिक विवाह से समाज में सादगीपूर्ण विवाह की परंपरा को बढ़ावा मिलता है और अनावश्यक खर्चों पर भी अंकुश लगता है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देकर समाज में आपसी सहयोग और सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। इस मौके पर आनंद गुप्ता, उमाकांत श्रीवास्तव, अशोक माथुर और सर्वेश गुप्ता सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने वर-वधुओं को वस्त्र वितरित कर कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

### रावण वध के साथ गूंजा धनुवां का रामलीला मेला

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर (इटावा)।** धनुवां गांव में चल रहे 112वें ऐतिहासिक श्री रामलीला महोत्सव में शनिवार को रावण वध की लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध होते ही पूरा मेला परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने राम व लक्ष्मण के स्वरूपों को माल्यार्पण कर किया। रामलीला देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सर्वेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि यह मेला पिछले 112 वर्षों से आयोजित हो रहा है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि बबलू यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

### पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का एडीजी, डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात, संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। शनिवार को अपर पुलिस महानिदेशक, कपिल सिंह जिलाधिकारी तथा श्रद्धा नरेंद्र पांडे पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सीसीटीवी निगरानी, फायर फाइटिंग उपकरण, प्रवेश व निकास द्वारों पर चेकिंग व्यवस्था तथा अभ्यर्थियों की बैठने की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सतर्कता के साथ दायित्व निभाने के निर्देश दिए। साथ ही केंद्रों के आसपास यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न होने देने के निर्देश भी दिए गए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पांडेय, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर संजय सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में कई वादों का निस्तारण

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात, संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक अदालत में शनिवार को विभिन्न मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण कराया गया। इस दौरान डंस्र' र्ल्लँ जिलाधिकारी और रँ१ीि ठं१ील्ल१ि ढंल्ल्रीि८ पुलिस अधीक्षक ने कई प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर समाधान कराया। लोक अदालत में राजस्व, पुलिस व अन्य विभागों से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। अधिकारियों ने संबंधित प्रकरणों का संज्ञान लेते हुए कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया, जिससे लोगों को लंबे समय से लंबित विवादों से राहत मिली। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य आमजन को शीघ्र, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है और इससे लोगों को लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों से राहत मिलती है। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### अभियान के तहत पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात, संवाददाता।** जनपद में अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना डेरापुर पुलिस ने मुकदमा संख्या 361/2018 धारा 323, 504, 506 भादवि में वारंटी छोटे दिवाकर पुत्र देवी गुलाम निवासी ग्राम महोई को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की। वहीं थाना मूसानगर पुलिस ने देवा पुत्र गया प्रसाद उर्फ कल्लू नुनिया निवासी ग्राम कैलाशपुर को एक युवती को देखकर अभद्र इशारे करने और गाना गाने के मामले में गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मुकदमा संख्या 19/2026 धारा 296 (ए)/296 (बी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

# रिहायशी इलाके में 'जहर' उगल रही प्लास्टिक फैक्ट्री, पांच साल से जिम्मेदार खामोश

## ईटीपी प्लांट बंद, केमिकल युक्त पानी से हैंडपंप दूषित होने का आरोप; स्कूल के 1000 बच्चों पर भी खतरा








मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कानपुर देहात।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र के जैनपुर स्थित रिहायशी इलाके में चल रही एक प्लास्टिक रिसाइक्लिंग फैक्ट्री अब स्थानीय लोगों के लिए गंभीर चिंता का कारण बन गई है। आरोप है कि फैक्ट्री से निकलने वाला जहरीला केमिकल युक्त पानी और धुआं पूरे इलाके की हवा, पानी और जमीन को दूषित कर रहा है। इससे आसपास रहने वाले लोगों में बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

मामले को लेकर कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद कार्रवाई न होने से नाराज स्थानीय लोगों ने इस बार जिला प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री को शपथ पत्र (स्टाम्प पेपर) पर शिकायत भेजकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



### पांच साल से चल रही फैक्ट्री, कार्रवाई शून्य

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फैक्ट्री पिछले पांच वर्षों से अधिक समय से आवासीय क्षेत्र में संचालित हो रही है। हैरानी की बात यह है कि इतने लंबे समय में न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी ने इसकी गंभीर जांच की और न ही प्रदूषण को लेकर कोई ठोस कदम उठाया गया। इससे प्रशासनिक कार्यशैली और जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं।

### बंद पड़ा ईटीपी प्लांट, बिना शोधन छोड़ा जा रहा गंदा पानी

स्थानीय लोगों का आरोप है कि फैक्ट्री के अंदर लगा ईटीपी (इफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट) भी लंबे समय से बंद पड़ा है। इसके बावजूद फैक्ट्री से निकलने वाला केमिकल युक्त पानी बिना किसी शोधन के सीधे नालों और खुले स्थानों में बहाया जा रहा है। इससे साफ है कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और एनजीटी के नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है।


#### विरोध पर धमकी का आरोप


स्थानीय लोगों का आरोप है कि जब उन्होंने फैक्ट्री संचालकों से प्रदूषण को लेकर शिकायत की तो उन्हें धमकियां दी गईं और कहा गया कि जहां शिकायत करनी है कर लो। इससे इलाके में भय और असुरक्षा का माहौल भी बन गया है।

#### अधिकारियों की चुप्पी पर उठे सवाल

इतनी गंभीर शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी लोगों को हैरान कर रही है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर इतने वर्षों तक इस फैक्ट्री की अनियमितताओं पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई और यह फैक्ट्री किसके संरक्षण में संचालित होती रही। फिलहाल स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर फैक्ट्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है या फिर यह फैक्ट्री यूं ही इलाके के लोगों के लिए खतरा बनी रहती है।





पड़ा ईटीपी








बिना शोधन छोड़ा जा रहा गंदा पानी

#### हैंडपंप का पानी भी हुआ दूषित

स्थानीय लोगों के मुताबिक फैक्ट्री से निकलने वाला दूषित पानी जमीन में समा रहा है, जिससे इलाके के हैंडपंप और भूजल भी प्रभावित हो गए हैं। कई लोगों का दावा है कि हैंडपंप का पानी अब पीने योग्य नहीं रह गया है और उसमें बदबू व रंग में बदलाव भी महसूस किया जा रहा है।




#### हरे-भरे पेड़ भी सूखने लगे

इलाके के लोगों का कहना है कि फैक्ट्री के आसपास लगे हरे-भरे पेड़-पौधे भी धीरे-धीरे सूखकर जर्जर हो चुके हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदूषण का असर केवल इंसानों पर ही नहीं बल्कि पर्यावरण पर भी गंभीर रूप से पड़ रहा है।

#### स्कूल के बच्चों पर भी खतरा

स्थानीय लोगों के अनुसार फैक्ट्री से महज करीब 50 मीटर की दूरी पर एक विद्यालय संचालित है, जहां लगभग एक हजार बच्चे पढ़ाई करते हैं। फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं और बदबू का असर बच्चों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों में खांसी और सांस संबंधी समस्याएं बढ़ने लगी हैं।

### ट्रैफिक पुलिस ने युवक को लौटाए चार हजार रुपये व मोबाइल



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अकबरपुर, संवाददाता।** नबीपुर तिराहे पर ड्यूटी कर रहे ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक युवक को उसका गुम हुआ नकद व मोबाइल फोन वापस कर दिया। सामान वापस मिलने पर युवक ने पुलिस कर्मियों का आभार जताया।

कोतवाली अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर पुलिस चौकी के पास नबीपुर तिराहे पर शनिवार दोपहर करीब तीन बजे नबीपुर निवासी राजेन्द्र कुमार पुत्र रामबाबू बाजार में कुछ सामान लेने आया था। नशे की हालत में होने के कारण उसकी जेब में रखे चार हजार रुपये, मोबाइल फोन व ईयरफोन कहीं गिरकर गुम हो गए।

उधर तिराहे पर यातायात व्यवस्था संभाल रहे ट्रैफिक पुलिस के हेड कांस्टेबल अंतिम यादव व कांस्टेबल राहुल पाल को मौके पर ही नकदी के साथ मोबाइल फोन व ईयरफोन पड़ा मिला। इधर युवक अपना सामान खोजते हुए राहगीरों व दुकानदारों से पूछताछ करता रहा। बाद में वह ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के पास पहुंचा और अपना सामान गुम होने की जानकारी दी। पुलिस कर्मियों ने तस्दीक के बाद युवक को चार हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन व ईयरफोन वापस कर दिए। सामान मिलने पर युवक ने पुलिस कर्मियों का धन्यवाद दिया। वहीं दुकानदारों व स्थानीय लोगों ने ट्रैफिक पुलिस के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की।

### शांतिपूर्ण माहौल में अदा हुई अलविदा जुमे की नमाज, सुरक्षा में पुलिस रही मुस्तैद


मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात, संवाददाता।** जनपद में अलविदा जुमे की नमाज शुक्रवार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जनपद के सभी सर्किलों और थाना क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती गई। प्रमुख मस्जिदों और नमाज स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।

नमाज के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भी विशेष ड्यूटी पॉइंट बनाए गए थे। पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों में और थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रों में लगातार गश्त करते रहे। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भाव बना रहा। नमाज से पहले और बाद में पुलिस ने बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फुट पेट्रोलिंग भी की। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी गई। इसके अलावा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने स्थानीय धर्मगुरुओं और संभ्रांत लोगों से संवाद भी बनाए रखा। पुलिस की सक्रियता और जनसहयोग के चलते जनपद में अलविदा जुमे की नमाज शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गई।

### दहेज उत्पीड़न मामले में महिला समेत तीन आरोपी गिरफ्तार




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**शिवली (कानपुर देहात), संवाददाता।** महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शिवली पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के एक मामले में महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम गहिरा में ससुराल पक्ष द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर एक महिला को प्रताड़ित किए जाने का मामला सामने आया था। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया। इससे परेशान होकर छह मार्च को वादी की भांजी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में थाना शिवली में मुकदमा अपराध संख्या 97/2026 धारा 85, 80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत गोलू उर्फ सुधीर पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू, राजेश पुत्र मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू और माया देवी पत्नी मुन्ना कुशवाहा उर्फ मुन्नू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपित मूल रूप से ग्राम उत्तमपुर पोस्ट हेथुआ राजपुर थाना राजपुर जनपद बक्सर (बिहार) के निवासी बताए गए हैं, जो वर्तमान में ग्राम गहिरा थाना शिवली क्षेत्र में रह रहे थे। मामले की जांच के दौरान शिवली पुलिस टीम ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर भेवान नहर पुल के पास सड़क किनारे से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया।

### भाजपा सरकार ने सभी को लाइन में लगा दिया : शिवपाल यादव



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**इटावा, संवाददाता।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव व क्षेत्रीय विधायक शिवपाल यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने हर वर्ग को लाइन में खड़ा कर दिया है। बस स्टैंड चौराहा स्थित सतीश टी स्टॉल पर अचानक रुककर उन्होंने चाय की चुस्कियों के बीच लोगों से बातचीत की। इस दौरान चाय विक्रेता ने गैस सिलेंडर न मिलने की समस्या बताई। इस पर उन्होंने कहा कि पहले बैंक में लाइन लगी, फिर किसान खाद के लिए लाइन में लगे और अब महिलाएं-पुरुष रसोई गैस के सिलेंडर के लिए लाइन में खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार झूठे वादे कर सत्ता में आई है और अब आम जनता परेशान है। उन्होंने लोगों से कहा कि समय आ गया है कि जिम्मेदारी के साथ सरकार को सत्ता से हटाया जाए। इस मौके पर अनिल प्रताप सिंह, अनुज मोंटी यादव, अजेंद्र सिंह गौर, राहुल गुप्ता, रामवीर सिंह यादव समेत बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीओ व एसडीएम ने गैस एजेंसी का किया निरीक्षण, अफवाहों से बचने की अपील

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**भोगनीपुर (कानपुर देहात), संवाददाता।** रसोई गैस (एलपीजी) की कथित कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने आम लोगों से किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न देने की अपील की है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य रूप से संचालित हो रही है।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी भोगनीपुर संजय वर्मा, उपजिलाधिकारी भोगनीपुर तथा पूर्ति निरीक्षक की संयुक्त टीम ने कस्बा अमरौधा स्थित गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने एजेंसी पर उपलब्ध गैस सिलेंडरों की स्थिति, वितरण व्यवस्था और उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसी संचालक को निर्देश दिए गए कि गैस वितरण प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बनाए रखें और उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दें। साथ ही अधिकारियों ने यह भी कहा कि किसी भी स्थिति में कालाबाजारी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि ऐसी कोई शिकायत सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और उपभोक्ताओं से बातचीत कर उन्हें भरोसा दिलाया कि जिले में गैस की कोई कमी नहीं है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फैल रही अफवाहों पर विश्वास न करें और न ही ऐसी भ्रामक सूचनाओं को आगे प्रसारित करें। अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन द्वारा जिले में गैस आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और समय-समय पर गैस एजेंसियों का निरीक्षण भी किया जा रहा है, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस वितरण से संबंधित कोई समस्या होती है तो वह संबंधित गैस एजेंसी या प्रशासन को तुरंत सूचना दे, जिस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने लोगों से धैर्य बनाए रखने और आवश्यकता के अनुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग कराने की अपील की है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध हो सके।



# इम्तियाज अली की 'हीर रांझा' में नजर आएंगी सारा अर्जुन

इम्तियाज अली ने 14 फरवरी के दिन हीर रांझा फिल्म का ऐलान किया था। इसके अनाउंसमेंट वीडिया में हमें लैला मजनू की झलकियां देखने को मिली थी। लेकिन साथ ही हीर रांझा का भी कनेक्शन दिखाई दिया था। अब फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं और इसकी कास्ट को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं।

## 'लैला मजनू' का पार्ट 2

'हीर रांझा' फिल्म मशहूर पंजाबी लोककथा पर आधारित एक भव्य रोमांटिक कहानी होगी। इस प्रोजेक्ट के साथ दोनों भाई एक बार फिर एपिक लव स्टोरी की दुनिया में लौट रहे हैं। फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस करेंगी, जो इससे पहले इम्तियाज और साजिद के साथ 'लैला मजनू' में काम कर चुकी हैं। दिलचस्प बात यह है कि 'हीर रांझा' को 'लैला मजनू' फ्रैंचाइजी का दूसरा चैप्टर माना जा रहा है, जो लव स्टोरी के पार्ट को आगे बढ़ाएगा। फिल्म की घोषणा के बाद से ही कास्टिंग को लेकर चर्चाएं तेज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, धुरंधर फेम सारा अर्जुन इस फिल्म में फीमेल लीड के लिए सबसे मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। बताया जा रहा है कि मेकर्स एक फ्रेश चेहरे की तलाश में हैं और सारा इस भूमिका के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। बता दें कि 2025 में आई आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' से सारा ने खास पहचान बनाई थी और अब वह इंडस्ट्री की उभरती हुई टैलेंटेड एक्ट्रेसेज में गिनी जा रही हैं।

## कौन होगा मेल लीड?



वहीं, मेल लीड के लिए रोहित सराफ का नाम चर्चा में है। हालांकि मेकर्स की ओर से अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अगर रोहित और सारा की जोड़ी बनती है तो उन्हें बड़े पर्दे पर रोमांस करते देखना दिलचस्प होगा। फिलहाल कास्टिंग प्रक्रिया जारी है।



# मैंने मेहनत की, सीखा और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई

फिल्मी दुनिया में कलाकारों की चमक-दमक अक्सर लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन इस चमक के पीछे कड़ा संघर्ष छिपा होता है। इस कड़ी में अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपने करियर, बचपन और निजी अनुभवों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि अभिनय उनके लिए सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। कुछ बातें ऐसी हैं जिन पर वे कभी समझौता नहीं कर सकतीं। भूमि पेडनेकर हाल ही में वेब सीरीज 'दलदल' में नजर आई थीं। इस दौरान उन्होंने 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' कार्यक्रम में हिस्सा लिया और अपने जीवन के कई अहम पहलुओं पर बात की।

उन्होंने कहा, ''जब मैं सिर्फ 12 साल की थीं, तभी मैंने अपनी मां को साफ कह दिया था कि मैं अभिनेत्री बनना चाहती हूं। उस उम्र में यह सपना बहुत बड़ा था, लेकिन मैंने अपने लक्ष्य को कभी छोड़ा नहीं। मैंने मेहनत की, सीखा और धीरे-धीरे फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई। आज मैं अपनी दमदार भूमिकाओं और मजबूत अभिनय के लिए जानी जाती हूं।''

कार्यक्रम के दौरान भूमि ने अपने स्कूल के दिनों की एक ऐसी घटना भी साझा की, जिसने उन्हें अंदर तक प्रभावित किया था। उन्होंने कहा, ''एक दिन जब मैं अपनी कक्षा में लौटीं तो मुझे एक कागज का टुकड़ा मिला, जिस पर मेरे शरीर को लेकर मजाकिया और अपमानजनक शब्द लिखे थे। उस समय मैं बहुत छोटी थी और ऐसी बातें मेरे मन पर गहरा असर डाल गईं।'' उन्होंने कहा, ''कम उम्र में इस तरह की छींटाकशी और बदमाशी बच्चों को डर और असुरक्षा का एहसास कराती है। यह अनुभव मेरे लिए आसान नहीं था, लेकिन मैंने समय के साथ खुद को मजबूत बनाया।''

भूमि ने कहा, ''मैं किसी भी ऐसी भूमिका का हिस्सा नहीं बनूंगी जिसमें महिलाओं के प्रति अपमान हो। मेरे लिए आत्मसम्मान और महिलाओं का सम्मान सबसे अहम है। मैं ऐसी कहानियों का हिस्सा नहीं बनना चाहती, जहां महिला किरदार को कमजोर या कमतर दिखाया जाए। मैं ऐसे भी किरदार निभाना पसंद नहीं करती जिनमें करने के लिए बहुत कम हो। मैंने अपने करियर में बहुत मेहनत करके एक ऐसी पहचान बनाई है जो उनके अभिनय पर आधारित है, और मैं चाहती हूं कि दर्शक मुझसे मजबूत और प्रभावशाली भूमिकाओं की ही उम्मीद रखें।''

# किआरा आडवाणी नहीं होगी 'मधुबाला' की बायोपिक का हिस्सा

भारतीय सिनेमा की सबसे लोकप्रिय और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक मधुबाला की बायोपिक काफी वक्त से चर्चा का विषय बनी हुई है। बीच में ऐसी चर्चाएं थीं कि कियारा आडवाणी इस बायोपिक में मधुबाला की भूमिका निभाएंगी। जबकि संजय लीला भंसाली इस फिल्म का निर्माण करेंगे। लेकिन अब ऐसी खबरें आ रही हैं कि कियारा इस फिल्म का हिस्सा नहीं होंगी। इंडस्ट्री से जुड़े एक अदरूनी सूत्र ने इस खबर को खारिज किया है। सूत्र ने बताया कि संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी के अभिनय की खबरों में कतई सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह निराधार और अटकलबाजी पर आधारित हैं। हालांकि, फिल्म के बारे में अधिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन यह बताया जा रहा है कि इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के. रीन करेंगी। जसमीत ने आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा स्टारर ब्लैक कॉमेडी-ड्रामा 'डार्लिंग्स' का भी निर्देशन किया था।



# विद्या बालन की फिल्मों ने मेरा सोचने का तरीका बदल दिया

हिंदी सिनेमा में हर कलाकार को किसी न किसी से प्रेरणा मिलती है, जिसकी मेहनत और काम देखकर वह आगे बढ़ने की हिम्मत पाता है। बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू के लिए ऐसी ही प्रेरणा विद्या बालन हैं। तापसी ने बताया कि विद्या बालन की फिल्मों ने उनके सोचने का तरीका बदल दिया। उन्होंने कहा कि जब वह हिंदी फिल्मों में अपना करियर शुरू कर रही थीं, तब विद्या बालन की कुछ फिल्मों ने उन्हें यह भरोसा दिया कि महिला कलाकार भी मजबूत कहानियों के साथ लंबे समय तक इंडस्ट्री में टिक सकती हैं। तापसी ने कहा, ''विद्या बालन ने सिर्फ फिल्मों में अभिनय नहीं किया, बल्कि उन्होंने यह भी दिखाया कि एक अभिनेत्री अपने दम पर कहानी को आगे बढ़ा सकती है। मेरे लिए विद्या बालन एक हीरो हैं। उनकी फिल्मों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैंने 'द डर्टी पिक्चर' और 'कहानी' जैसी फिल्में देखीं, तो महसूस हुआ कि सिनेमा में महिलाओं के लिए भी मजबूत और अलग तरह की कहानियां बन सकती हैं। अगर ये फिल्में उस समय नहीं आई होतीं, तो शायद मेरे जैसे कई कलाकारों को यह विश्वास ही नहीं होता कि वे भी लंबे समय तक इंडस्ट्री में काम कर सकते हैं।''

उन्होंने कहा, ''उस समय मैं हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत कर रही थी और अक्सर यह सवाल मन में आता था कि एक अभिनेत्री का करियर कितने समय तक चल सकता है पर विद्या बालन की फिल्मों को सफल होते देख मेरा नजरिया पूरी तरह बदल गया। उनकी फिल्मों ने बताया कि कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा में अभिनेत्री भी मुख्य भूमिका निभा सकती हैं और फिल्म की सफलता का केंद्र बन सकती हैं।''

दरअसल, विद्या बालन को हिंदी सिनेमा में महिला प्रधान फिल्मों के लिए जाना जाता है। पिछले दो दशकों में उन्होंने कई ऐसी फिल्मों में काम किया है, जिनमें कहानी का पूरा भार उनके किरदार पर टिका होता है। 'नो वन किल्ड जेसिका', 'तुम्हारी सुलु' और 'शेरनी' जैसी फिल्मों में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए और अभिनय के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी फिल्मों ने साबित किया कि बॉलीवुड में सिर्फ बड़े हीरो ही नहीं, बल्कि अच्छी कहानी और दमदार अभिनय भी फिल्म को सफल बना सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तापसी पन्नू और विद्या बालन एक साथ काम कर चुकी हैं। दोनों कलाकारों ने साल 2019 की चर्चित फिल्म 'मिशन मंगल' में एक साथ अभिनय किया था।





# अनुभव सिन्हा ने की अहान-अनीत की तारीफ





अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा इन दिनों अपनी हालिया फिल्म 'अस्सी' को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को पसंद किया जा रहा है और क्रिटिक्स से लेकर दर्शक तक इसकी कहानी की तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच अनुभव सिन्हा ने दो रोमांटिक फिल्मों 'सैयारा' और 'तेरे इश्क में' को लेकर अपनी राय रखी। साथ ही उन्होंने अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए सितारों की भी जमकर तारीफ की।ज़ूम के साथ बातचीत में अनुभव सिन्हा ने 'सैयारा' की तारीफ करते हुए बताया कि किस बात ने उन्हें इस फिल्म के लिए आकर्षित किया। निर्देशक ने कहा कि ये दोनों बच्चे बहुत अच्छे हैं। अहान और अनीत, और उनकी फिल्म 'सैयारा' बहुत पसंद आई। दोनों कलाकार बेहद ईमानदार और सच्चे थे और वे दोनों एक ही फिल्म में इतना विश्वास रखते थे। इस दौरान अनुभव सिन्हा ने बताया कि उन्होंने रणवीर सिंह की 'धुरंधर', कृति सैनन की 'तेरे इश्क में' और सनी देओल की 'बॉर्डर 2' सहित हाल ही में रिलीज हुई ये तीनों फिल्में देखी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मैं विभिन्न शहरों का दौरा कर रहा था, इसलिए मैं विभिन्न सिनेमा हॉल में जाता था और 15-20 मिनट के लिए बैठकर फिल्म देखता था। इसलिए मैंने 'धुरंधर' के लगभग 5-20 मिनट देखे हैं। 'तेरे इश्क में' मैंने इसे भोपाल के एक थिएटर में देखी और 'बॉर्डर 2' मैंने हैदराबाद में देखी।



# बड़े पर्दे के लिए बनाई गई है 'सूबेदार'

एवरग्रीन एक्टर अनिल कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इसे क्रिटिक्स की मिली-जुली समीक्षाएं ही हासिल हुई हैं। हालांकि, अनिल कपूर के अभिनय की काफी सराहना हुई। अब फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने भी फिल्म देखी है और इसकी समीक्षा की है। अनुराग कश्यप का मानना है कि इस फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना चाहिए था। उन्होंने कलाकारों के अभिनय, एक्शन और फिल्म की सादगी की प्रशंसा की है।

## इसे बड़े पर्दे पर आना चाहिए था

अनुराग कश्यप ने 'सूबेदार' की तारीफ करते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने फिल्म से अनिल कपूर की एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही फिल्म का रिव्यू करते हुए अनुराग ने लिखा, 'प्राइम वीडियो पर आई फिल्म 'सूबेदार' को सिनेमाघरों में रिलीज होना चाहिए था। इसे सिनेमाघरों में देखना मुझे बहुत अच्छा लगता। यह साफ तौर पर बड़े पर्दे के लिए एनामोर्फिक तकनीक से शूट की गई है, बड़े पर्दे के लिए ही बनाई गई है। सुरेश त्रिवेणी बुंदेलखंड/चंबल की एक जीवंत दुनिया रचते हैं, जिसमें पितृसत्ता और विशेषाधिकार का भाव साफ झलकता है। जहां महिलाएं पुरुषों के बराबर पितृसत्तात्मक हैं और जो नहीं हैं, वे भी पुरुषों की तरह संघर्ष करती हैं। ये पुरुष प्रधान बीहड़ इलाके हैं, जहां कभी फूलन देवी का जन्म हुआ था।'

निर्देशक ने आगे फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, 'दुनिया तब से बदली नहीं है, बल्कि और भी बदतर हो गई है। इसी दुनिया में हमारा सूबेदार आता है। जिस दुनिया ने पान सिंह तोमर को भी जन्म दिया, उसी दुनिया में यह पूर्व सैनिक पूरी तरह से असभ्य आम लोगों की दुनिया के खिलाफ खड़ा है। पूरी तरह से काल्पनिक, लेकिन इसे देखकर मुझे यकीन करने का मन करता है। तनाव (शोर कम करने वाले हेडफ़ोन लगाकर देखा) और दृढ़ता और खामोशी से भरपूर, और एक सुनियोजित गति के साथ। बहुत मजा आया, लेकिन अगर मैंने इसे दर्शकों से भरे थिएटर में देखा होता तो और भी ज्यादा आनंद आता।'

## कलाकारों के अभिनय को सराहा

कलाकारों के अभिनय की तारीफ करते हुए अनुराग कश्यप ने कहा कि अनिल कपूर ने इस फिल्म में भी अपने अंदर की आग को बरकरार रखा है। फैसल मलिक शानदार हैं, मोना सिंह क्या नहीं कर सकतीं और आदित्य रावल ने छोटे शहर के, सोशल मीडिया से प्रभावित एल्विस यादव जैसे खलनायक का किरदार बखूबी निभाया है। जिससे मुझे नफरत होने का मन करता है। आखिर में मुझे राधिका मदान को और देखना है, जोशीली और संवेदनशील, वो चमक उठीं। मेरे हमेशा भरोसेमंद कल्लू मामा की एक्शन फिल्म 2026 में देखना मेरे कैलेंडर में नहीं था। मजा आया सर।




## ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है

अंत में टेक्निकल पक्ष की तारीफ करते हुए अनुराग ने कहा कि खूबसूरत दृश्यों की फोटोग्राफी, शानदार हाईवे चेज, शानदार एक्शन। ऐसे समय में जब हर कोई एक्शन के घिसे-पिटे पैटर्न को अपना रहा है, यहां की सादगी वाकई दिल को छू लेती है। इसमें शामिल सभी लोगों को बधाई। इसे एक बार जरूर देखें। खास बात- रणवीर का किरदार निभाने वाला अभिनेता शानदार है। ये मेरी वाली कमर्शियल फिल्म है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।